are dying due to gastro-enteritis, etc. That is always being repeated. The Government said that they would be giving some wheat, but that also is not being distributed to the ration shops. A very serious situation is prevailing in Kerala. All the political parties and the Government itself have stated that the Central Government has not done justice to the people of Kerala and to the Government of Kerala. Therefore, I once again bring to the notice of this House and to the notice of the Government that urgent steps should be taken to send rice to Kerala. The people are once again engaged in this struggle. On the 7th of this month they conducted huge demonstrations. All the parties in Kerala and the people of Kerala have decided to conduct a one-day strike on the 21st instant. Almost all the political parties are united in this. People cannot be allowed to die for want of food. They want food and the Government must take serious steps to send food to Kerala. Otherwise, the situation will become very serious. I am bringing this matter to the notice of the Government.

THE TELEGRAPH WIRES (UNLAWFULPOSSESSION) AMENDMENTBILL,1974

THE MINISTER OF COMMUNICATIONS (SHRI S. D. SHARMA): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Telegraph Wires (Unlawful Possession) Act, 1950.

The question was proposed.

SHRI KALYAN ROY (West Bengal) : Sir, the telegraphic and postal services have practically collapsed in Calcutta and Madras. And 10 lakhs of mail have got accumulated in Calcutta and Madras. We are not getting any letters or telegrams from there. They are refusing to accept telegrams. That is a deplorable condition. The Minister has to say something about it.

MR. CHAIRMAN : The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Telegraph Wires (Unlawful Possession) Act, 1950." *The motion was adopted.* SHRI S. D. SHARMA : Sir, I introduce the Bill. 5—645RSS/74

SHRI KALYAN ROY : Sir, he should say something about it.

THE EAST PUNJAB URBAN RENTRESTRICTION ACT (EXTENSION TOCHANDIGARH) BILL, 1974

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS, DEPARTMENT OF PERSONNEL AND ADMINISTRATIVE REFORMS AND DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI OM MEHTA) : Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to extend the East Punjab Urban Restriction Act, 1949, to the Union Territory of Chandigarh.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI OM MEHTA : Sir, I introduce the Bill.

DISCUSSION UNDER RULE 176 *RE* PRESENT SITUATION IN BIHAR.

MR. CHAIRMAN : Now, the discussion on Bihar situation will start. But before we start the discussion, I would request Shri Advani to complete his speech within 25 minutes so that others may have an opportunity.

SHRI LAL K. ADVANI (Delhi) : I expected to speak from twelve. I hope that I will be able to complete my speech by lunch. Otherwise, I will not be able to do justice. [The Vice-Chairman (Shrimati Purabi Mukhopadhyay] in the Chair.]



उपाध्यक्ष जी, मैं अपना भाषण आरम्भ करूं, उसके पूर्व मैं स्मरण कराना चाहूंगा कि कल जब सदन की इच्छा यह थी कि बिहार के सम्बन्ध में कल ही चर्चा हो, तो मैंने उस समय आग्रह नहीं किया था क्योंकि उसके पूर्व मंत्री जी आग्रह-कर चुके थे कि क्या ही अच्छा होगा कि इस विषय पर कल को ही चर्चा हो। संसदीय मंत्री जी ने इसके सम्बन्ध में एक कारण मुझे यह बतलाया कि आज इसलिए

[Shri Lal K. Advani]

चर्चा सम्भव नहीं है; क्योंकि गृह मंत्री जी दोनों सदन में एक साथ नहीं बैठ सकते हैं। क्योंकि लोक सभा में स्थगन प्रस्ताव आ रहा है, इसलिए गृह मंत्री जी वहां पर व्यस्त रहेंगे। यही कारण है कि आज इस विषय पर चर्चा हो रही है। लेकिन मुझे इस बात पर आपत्ति है और मैं आपत्ति उठाना चाहता हूं, लेकिन मैं विरोधी दल की ओर से यह आपत्ति नहीं उठा रहा हूं, बल्कि मैं सदन के समक्ष यह बात नोटिस में लाना चाहता हूं। यह सदन अपर हाउस है, लेकिन अपर हाउस होने के कारण, वह कोई जूनियर हाउस नहीं है।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS, DEPARTMENT OF PERSONNEL AND ADMINISTRATIVE REFORMS AND DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI OM MEHTA): I want to clarify that due to something going on in the other House, he could not come. In a minute he will be here. As soon as he is free, he will be here. You must know that I am also in the Ministry of Home Affairs.

श्री लाल आडवाणी : क्योंकि सदन में श्री ब्रह्मानन्द रेड्डी उपस्थित नहीं हैं, इसलिए मैंने अपना कर्त्तव्य समझा कि सदन का ध्यान इस बात की ओर दिला दूं ताकि सरकार कम से कम इस बात को तो स्पष्ट करे कि वे क्यों उपस्थित नहीं हैं?

श्री ओम मेहता : वे आयेंगे।

श्री लाल आडवाणी : उपसभाध्यक्ष महोदया, इसलिए जब बिहार की परिस्थिति पर चर्चा करने की मांग यहां पर उठी तो किसी ने इस बात पर आपत्ति नहीं उठाई कि बिहार तो इस देश का राज्य है, बिहार में कोई राष्ट्रपति शासन लागू नहीं है, यह कोई केन्द्र का विषय नहीं है, इस पर चर्चा नहीं होनी चाहिए, नहीं तो कभी भी किसी प्रदेश की परिस्थिति पर बहस की मांग की जाती है तो पहले पहल यही आपत्ति स्वाभाविक रूप से उठाई जाती है।

श्री ओम मेहता : हमने तो आपकी बात को मान लिया।

श्री लाल आडवाणी : यह जो उदारता आपने दिखाई, वह इसी कारण कि बिहार की परिस्थिति को सब लोग असाधारण मानते हैं, आप भी, हम भी। बिहार की परिस्थिति केवल बिहार की सीमाओं तक सीमित नहीं है। वहां पर जो कुछ हो रहा है वह सम्पूर्ण देश के वर्तमान और भविष्य को छूता है। यह बात भी इस में से निकलती है। मैं कोशिश करूंगा—यद्यपि मुश्किल है—कि अपनी बात को भावना से ऊपर रखूं; क्योंकि भावनाएं जुड़ी हुई हैं। हो सकता है कि आपकी भावना भी कहीं जुड़ी हुई हो। मेरी दाहिनी तरफ बैठे लोगों की भावना तो बहुत उग्र रूप से जुड़ी हुई है। मैं कोशिश करूंगा कि तर्क के स्तर पर अपनी बात रखूं और मैं अपेक्षा करता हूं—उनसे नहीं—आपसे कि आप तर्क के स्तर पर मुझे उत्तर दें।

बिहार की परिस्थिति को मैं दो परिप्रेक्ष्य में रखना चाहता हूं। एक व्यापक परिप्रेक्ष्य है जिसके अन्तर्गत 9 महीने से आन्दोलन चल रहा है। एक दूसरा सीमित परिप्रेक्ष्य है जब इस महीने में 4 नवम्बर को प्रदर्शन हुआ, बन्द हुआ तो उस बन्द का मुकाबला करने के लिए पटने में और दिल्ली में जो घटना हुई में उनका जिक्र करूंगा और आखिर में मैं अपने कुछ रचनात्मक सुझाव रखना चाहूंगा कि इस परिस्थिति से निकलने का क्या रास्ता हो सकता है।

उपसभाध्यक्ष महोदया, व्यापक परिप्रेक्ष्य में एक मोटा प्रश्न उठाया जाता है। प्रधान मंत्री जी ने अभी पिछले दिनों संसदीय दल के सामने बोलते हुए लोकतंत्र के अन्दर बिहार के आन्दोलन की वैधता को चुनौती दी।

She questioned the legitimacy of the movement because she described it as an extra constitutional movement. यह एक गैर-संवैधानिक आन्दोलन है जिसके लिए संविधान में कोई मान्यता नहीं है। लोकतंत्र संविधान के आधार पर चलता है और संविधान में जिन उपकरणों को मान्यता है उनका उपयोग करके आप सरकार को प्रभावित करिए, परिवर्तित करिए, बदलिए, यह तर्क दिया जाता है। मोटे तौर पर पहली बार देखने पर ही इस तर्क में काफी वजन दिखाई दे सकता है ,लेकिन आप विश्लेषण करेंगे तो मालूम होगा कि यह बिलकुल थोथला तर्क है। कहा जाता है कि हिन्दुस्तान में एक बार जनता ने किसी प्रतिनिधि को चुन लिया, किसी सरकार को चुन लिया, उसको पूरे कार्यकाल तक कार्य करने का अवसर देना चाहिए और जब उसका कार्यकाल समाप्त हो, तब सरकार ने काम ठीक नहीं किया, वह सरकार निकम्मी साबित हुई है, वह सरकार भ्रष्ट साबित हुई तो अपने वोट का उपयोग करके जनता उस सरकार को बदल दे, उस सरकार को परिवर्तित कर दे, प्रभावित कर दे, उसकी संख्या कम कर दे। इस तर्क के आधार पर श्री जयप्रकाश के नेतृत्व में चल रहे बिहार के आंदोलन की निन्दा की जाती है कि यह बिलकुल लोकतंत्र के खिलाफ है, अगर यह आंदोलन सफल हुआ तो हिंदुस्तान में लोकतंत्र का विनाश हो जायगा। यहां पर सबसे बड़ी चिल्लाहट इनकी तरफ से की जाती है। लोकतंत्र की दुहाई इनकी तरफ से सुनते हैं तो बड़ा आश्चर्य होता है। इसलिये मेरा कहना यह है कि क्या यह तर्क सही है कि लोकतंत्र के अन्दर जो सरकार एक बार चुनी जाती है या जो प्रतिनिधि एक बार चुने जाते हैं, उनको पूरे कार्यकाल तक काम करने का निर्बाध अधिकार है Unquestioned right, untrammelled right to rule for the entire term of five years ? मैं लोकतंत्र की जो व्याख्या पढ़ा हूं उसमें यह नहीं आता। बहुत सारे कारण होते हैं जिनके दबाव में वोट का उपयोग किये बिना सरकार को हटाना पड़ता है, सरकार को वहां से निकलना पड़ता है। वोट उनके खिलाफ न हो, न संसद् के अन्दर हो, न संसद् के बाहर, फिर भी सरकारें हटी हैं। ऐतिहासिक उदाहरण देने के लिये कहें तो चैम्बरलेन का उदाहरण है। उसके खिलाफ संसद् के अन्दर भी वोट नहीं हुआ, यह बात अलग है कि वोट होता तो वह हार जाता। वहां कंजर्वेटिव पार्टी का बहुमत था हाउस आफ कामंस में, लेकिन उसने इस्तीफा दे दिया। लोकतंत्र में उन्होंने लोकमत जो कि अभिव्यक्त नहीं हुआ था लेकिन उस लोकमत को पहचान कर उसके सामने झुक गया और त्यागपत्र दिया। 1939 का उदाहरण दिया और अब 1974 चल रहा है। इस वर्ष हमने अपनी आंखों से देखा है कि ऐसा व्यक्ति जिसको ऐतिहासिक जन समर्थन प्राप्त था, 1972 में राष्ट्रपति के चुनाव में श्री निक्सन को मैसिव मैन्डेट मिला था। आपको तो मैसिव मैन्डेट मिला है वह 43 परसेंट है। Forty-three per cent is your massive mandate. लेकिन निक्सन का 60 परसेंट से ज्यादा था। 60 प्रतिशत मैन्डेट प्राप्त करने के बाद भी अमरीका के जनमत ने यह ठीक नहीं समझा कि उसको 4 साल तक निर्बाध अधिकार राज करने का नहीं है। वह कोई भी पापाचार करे, कोई भी भ्रष्टाचार करे, उसको चलने नहीं देना चाहिये। किसी ने नहीं कहा कि उसको चलने देना चाहिये। आखिर में जब उन्होंने त्यागपत्र दिया तो किसी ने नहीं कहा कि उनका त्यागपत्र गलत है। उनको जनमत के सामने झुकना नहीं चाहिये था किसी ने भी नहीं कहा कि चाहे जो प्रेस कहे, जो जुडिशियरी कहे, किसी की परवा नहीं करनी चाहिये। मैं इसको मानता हूं कि लोकतंत्र अगर ठीक चल रहा है तो वहां पर मतदान हो कि न हो, संसद् के अन्दर मतदान हो कि न हो, विधान सभा के अन्दर मतदान हो कि न हो, अगर जनमत बहुत स्पष्ट रूप से प्रकट हुआ है और जनमत

[श्री लाल आडवाणी]

इस सरकार को नहीं चाहता, किसी विधायक को नहीं चाहता तो लोकमत अपेक्षा करता है कि वह त्यागपत्र दे दे। अगर वह त्यागपत्र नहीं देता जैसे कि निक्सन भी देना नहीं चाहता था, उसने कहा कि मेरे पास जितनी ताकत है उसका पूरा-पूरा उपयोग करके मैं वाशिंगटन पोस्ट को समाप्त कर दूंगा। आखिर उसके खिलाफ अभियान शुरू करने वाला वाशिंगटन पोस्ट का अखबार था, कोई बी० जी० वर्गीज जैसा बड़ा सम्पादक नहीं था, केवल दो साधारण रिपोर्टर कनिष्ठ पत्रकार वुडवर्ड और बर्न स्टीन थे। जब उनको पता लगा कि हाईयेस्ट एक्जीक्युटिव इस प्रकार का पापाचार कर रहा है तो उन्होंने छानबीन की और छानबीन करके इस बात को प्रमाणित किया कि राष्ट्रपति निक्सन का इस वाटरगेट कांड में हाथ है। वह प्रमाणित हो गया और प्रेस सारा का सारा वहां पर एक्टिव था। उसको इस बात की परवाह नहीं थी कि हमारे खिलाफ क्या कार्यवाही होगी ? हम लिखेंगे तो क्या होगा। अमरीका में प्रेस स्वतंत्र रूप से काम करता रहा। फिर जब मामला अदालत में गया, सुप्रीम कोर्ट में नहीं गया, मामूली अदालत में गया, जज सिरिका के पास जब मामला गया, उन्होंने कहा कि इसकी छानबीन होनी चाहिये और उनको लगा कि जब तक ह्वाइट हाउस के टेप्स यहां पर नहीं आयेंगे तब तक पता नहीं लगेगा। तो ह्वाइट हाउस के टेप्स लाने का आदेश दिया गया। वहां पर भी राष्ट्रपति निक्सन ने बहुत रिसिस्ट किया। यह जानते हुए भी कि जनमत मेरे खिलाफ है उन्होंने बहुत रिसिस्ट किया और चाहा कि मैं' 76 तक चलूं। लेकिन वहां पर जो लोकतंत्र है, जो उसका उपांग है, जुडिशियरी, प्रेस, न्यायपालिका यह सब सशक्त थे, ये सब स्वस्थ रूप से काम कर रहे थे। धन से काम कर रहे थे जनमत को प्रभावित करने के लिए और उसका प्रभाव सरकार पर डालने के लिये सक्रिय थे। इसलिये राष्ट्रपति निक्सन को दो साल के अंदर इस्तीफा देना पड़ा। मेरा प्रश्न आपसे यह है कि क्या हिंदुस्तान में ऐसी परिस्थिति आपने रहने दी है ? आज मैं एक क्षण के लिये मान लेता हूं कि बिहार में जनमत जो है उसको जयप्रकाश जी ने, भारतीय जनसंघ ने, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने, सोशलिस्ट पार्टी ने और सर्वोदय नेताओं ने भ्रष्ट किया है। एज्यूम करके चलता हूं कि हमने उनको गुमराह किया है, लेकिन गुमराह होने के बाद, जिस तरह राष्ट्रपति निक्सन का उसमें हाथ नहीं था, तब भी वहां की जनता इस नतीजे पर पहुंची कि राष्ट्रपति निक्सन का वाटरगेट कांड में हाथ है। इस के बाद भी हिंदुस्तान में कोई परिवर्तन नहीं हो रहा है। एक समय था जब कि 1959 में हमारे मित्र जो इधर बैठे हैं उनकी सरकार केरल में थी। यह लोक लोकतंत्र में विश्वास नहीं करते हैं, इसलिये इन्होंने ऐसी व्यवस्था की कि वहां पर लोकतंत्र चल ही न पाये। लोकतंत्र का गला घोंटने की इन्होंने व्यवस्था की। उस समय प्रधान मंत्री पंडित नेहरू थे और कांग्रेस की अध्यक्षता श्रीमती गांधी थीं। उन्होंने यह नहीं कहा था कि आंदोलन के द्वारा सरकार को नहीं बदलना चाहिये। एक्स्ट्रा कांस्टीट्यूशनल मीज का उपयोग लोकतंत्र के लिये नहीं होना चाहिये ऐसी बात उन्होंने नहीं कही। अभी पिछले दिनों बिहार के संदर्भ में प्रधान मंत्री ने यह वक्तव्य दिया कि गुजरात में हमने जो कुछ किया वह गलत था और हम वह गलती बिहार में नहीं दोहराना चाहते। मैं उस समय यह देख रहा था कि केरल के बारे में क्या कहती हैं, क्या केरल में 1959 में जो किया गया था, वह भी गलत था ? अगर गलत नहीं था, मैं भी मानता हूं कि वह गलत नहीं था, मैं चाहूंगा कि यहां पर जो कांग्रेस के मित्र बैठे हैं वे एक बार इसी राज्य सभा में 25 अगस्त, 1959 को प्रधान मन्त्री पंडित नेहरू ने जो भाषण दिया था उसको पूरा पढ़ें। उस समय हमारे भूपेश गुप्त ने काफी टीका-टिप्पणी की थी और जिस दृष्टिकोण का प्रतिपादन उस समय कर रहे थे, मुझे दुःख है आज आप लोग उसी का प्रतिपादन कर रहे हैं। उस समय

पंडित नेहरू ने जब राष्ट्रपति शासन लागू किया था, उन्होंने कहा था मुझे दुःख होता है ऐसा करते हुए लेकिन इसके अलावा वहां कोई चारा नहीं है । अगर ऐसा नहीं करेंगे तो यह एक प्रकार से वहां की जनता की इच्छा की अवमानना करना होगा और फिर घोषणा की कि यह रिबैलियन है, विद्रोह है । मैं कहना चाहता हूं कि पंडित नेहरू ने इसी राज्य सभा में कहा था कि यह एक प्रकार से जनता का मौलिक अधिकारों के खिलाफ विद्रोह है ।

"It is just like the basic right of the people to rebel. It is a basic right to rebel and you can do it, if a man rebels and faces the consequences of that rebellion. That is a different matter. Such basic rights everybody possesses, facing the consequences of the rebellion."

यह उन्होंने नहीं कहा कि अब केरल वालों को रोका जाना चाहिये, वहीं के कांग्रेस के लोग गलत बात कर रहे हैं । कम्युनिस्ट सरकार, नम्बूदरीपाद की सरकार को हटा देंगे; क्योंकि उनको समाज के अंदर इस सरकार के चलते लोकतंत्र नहीं बच सकता है । और इसी कारण उन्होंने इस बात की उपयुक्तता समझी कि वहां पर जन आंदोलन के द्वारा जब प्रैस कमजोर हो जाय, न्यायपालिका कमजोर हो जाए, जब विधान पालिका कमजोर हो जाय उसका कोई महत्व न रहे, हम विधान पालिका के सदस्य हैं, हम लेजिस्लेचर के सदस्य हैं, हम जानते हैं कि पिछले तीन सालों में क्या होता रहा है । हर सैशन में शुरू में पहले दिन एक लम्बी लिस्ट हमारे सामने अध्यादेशों की रखी जाती है । Often it becomes a Government by Ordinances. इस बार गनीमत है कि तीन ही थे वरन् 8—10 से कम नहीं होते हैं । यह तरीका मूलत: लेजिस्लेचर को डिक्लाइन कर चुका है । न्यायपालिका फैसला करती है, बहुत अच्छा फैसला करती है । सुप्रीम कोर्ट ने फैसला किया कि इलैक्शन्स के अंदर बिग मनी, ब्लैक मनी का जितना उपयोग हो रहा है, उसको समाप्त कया जाना चाहिये । न्यायपालिका ने कहा कि दल का खर्च प्रत्याशी के खर्च में नहीं जोड़ा जाना चाहिये । जो सीधे-सीधे उसके लिये खर्च किया गया है तो फिर प्रत्याशी के खर्च पर लिमिट रखने का महत्व नहीं रहता । हम तो यह जानते हैं कि आज जितना खर्चा पार्टी करती है उसके ऊपर भी कानून के द्वारा कोई प्रतिबन्ध लगना चाहिये, कोई अंकुश लगना चाहिये ।

न्यायपालिका ने कोई नेक सलाह दी तो उसके ऊपर निर्णय को निरस्त करने के लिये अध्यादेश जारी कर दिया । यह न्यायपालिका को कमजोर कर देगा । प्रैस के अंदर थोड़ी सी भी बात लिखी जाए बी० जी० वर्गीज के द्वारा तो उसको नाराजगी प्रगट करके हटा देंगे और फिर कहते हैं कि प्रधान मंत्री का इसमें कोई हाथ नहीं है । एक क्षण के लिए इसको मान भी लिया जाय, लेकिन लोगों ने इस बात को देखा है कि इतनी बड़ी कांग्रेस पार्टी और इतनी बड़ी कम्युनिस्ट पार्टी जो आय दिन बिरलाओं के बारे में पचासों बातें कहते हैं, इन्होंने एक दिन भी खड़े होकर नहीं कहा कि इतने बड़े सम्मानित पत्रकार को, इतने बड़े सम्मानित सम्पादक को बिना कारण बताये क्यों बर्खास्त कर दिया गया ? यह भी नहीं कहा कि यह बहुत गलत हुआ है । प्रधान मंत्री ने जिस दिन इस बात को इंकार किया था कि इसमें उनका हाथ है, लेकिन उस दिन उनकी ओर से कन्डेमनेशन का एक शब्द भी नहीं कहा गया और न ही इस बात को डिसएप्रूव किया गया । श्री बी० जी० वर्गीज को मालिकों की ओर से निकाला गया है, इसलिये यह नहीं कहा गया कि यह बहुत गलत काम हुआ है । यह भी नहीं कहा गया कि इसके ऊपर कार्यवाही होनी चाहिये या प्रेस कौंसिल को नोटिस देना चाहिये । *Interruption* मैं समझता हूं कि सचमुच में अब यह विषय प्रोपराइटर्स और सम्पादक के बीच का विषय नहीं रह गया है । यह अब राष्ट्रीय महत्व का विषय बन गया है । हिंदुस्तान में प्रैस की स्वाधीनता का यह प्रश्न हो गया है । ऐसी स्थिति में जनता की जानकारी के लिये श्री बी० जी० वर्गीज और

[श्री लाल आडवाणी]

मालिकों के बीच में जो पत्र-व्यवहार हुआ है वह प्रकाशित होना चाहिये।

मैंने यहां पर प्रेस का उल्लेख किया है, न्यायपालिका का उल्लेख किया है और विधान-पालिका का उल्लेख किया है। लोकतंत्र के ये खंबे जब कमजोर होते हैं तो जन-आंदोलन के स्वर उभड़ते हैं। यह स्वाभाविक है और इसको रोका नहीं जा सकता है। मेरे मित्र भी जो मेरी आलोचना करते हैं, वे भी कहते हैं कि राइट आफ रिकाल होना चाहिये।

SHRI BHUPESH GUPTA (West Bengal) : No. This is not our version of the right of recall.

SHRI LAL K. ADVANI : Yes, it is also a part of your programme.

SHRI BHUPESH GUPTA : Right of recall goes to the constituency. It does not go from Delhi to Patna. That is not the right of recall.

SHRI LAL K. ADVANI : That is all right. I am not yielding the floor to you.

AN HON. MEMBER : Don't yield.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY) : Please do not interrupt.

श्री लाल आडवाणी : मैं एक मुद्दा बता रहा हूं। यह सवाल किया जाता है कि गुजरात की विधान सभा भंग हो गई, लेकिन क्या भ्रष्टाचार खत्म हो गया? क्या मंहगाई खत्म हो गई? मैं यह मानता हूं कि विधान सभा को भंग करने से भ्रष्टाचार खत्म नहीं हो जाता है। बिहार के आन्दोलन में जो लोग भाग ले रहे हैं, बहुत सारे लोग भाग ले रहे हैं और उनमें ऐसे लोग भी हैं जिन्होंने कभी राजनीति में भाग नहीं लिया। उनमें साहित्यकार, पत्रकार और बुद्धिजीवी हैं और युनिवर्सिटीज के प्राध्यापक भी आन्दोलन में भाग ले रहे हैं। क्या लोग बिना सोचे-समझे भाग ले रहे हैं? यह ठीक है कि विधान-सभा को भंग करने से भ्रष्टाचार खत्म नहीं हो जाता है, लेकिन लोकतंत्र में जनता की भावनाएं प्रतिस्थापित हो जाती हैं और जनता अपनी शक्ति को प्राप्त करती है और यह बात भी प्रमाणित होती है कि जनता में लोकतंत्र सर्वोपरि है। आज आप लोकतंत्र को सर्वोपरि मानते हैं। यहां पर हमारे सी० पी० आई० के मित्र बैठे हैं। मैं बार-बार सी० पी० आई० का नाम ले रहा हूं। बिहार में जो आन्दोलन हो रहा है, उसके पहले गुजरात में आन्दोलन हो चुका है। लेकिन बिहार आन्दोलन की भूमिका के रूप में पहली घटना क्या है, यह सवाल हमारे सामने है। यह घटना थी मधुबनी का चुनाव। मधुबनी के चुनाव में सब प्रकार के तरीकों से विरोधी दलों को और जनता को कुण्ठित करने की कोशिश की गई। उसमें गफ्फूर साहब चुने गए। इस चुनाव के बारे में कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया ने क्या कहा है, यह भी देखिये—

"What has happened in Madhubani has made it clear that if the ruling party is determined to win an election, it can achieve it even without the consent of the electorate. The Bihar Chief Minister can ill afford to flatter himself for his victory by a large margin in Madhubani because the margin was the creation of fraud, forgery, bribery, gangsterism and misuse of official machinery on a vast scale." SHRI MAHAVIR TYAGI (Uttar Pradesh) : Who said so ?

SHRI LAL K. ADVANI : CPI Reso- . lution—

"How long would the people put up with such rigged elections ? Can the artificial majority created by such widespread corrupt practices and distortion of parliamentary democracy stem the tide of seething discontent among the people ?..."

यह प्रश्न उन्होंने तब पूछा। मैं समझता हूं, यह प्रश्न आज हम पूछ रहे हैं कि आप जनता के आन्दोलन को डंडे के बलबूते पर, गोली के बल पर, बैरीकेड्स के आधार पर कब तक रोक सकते हैं, कैसे रोक सकते हैं? आखिर

सी० पी० आई० के सहारे और सी० पी० आई० के बल्लम, बर्छियों और भालों के सहारे कब तक रोकेंगे? कल जो वहां प्रदर्शन हुआ था वह कैसा प्रदर्शन था? आप अपने डी० सी० से, डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट से पूछ लीजिए, वह जो इतने लोग इकट्ठे हुए बल्लम लेकर, बर्छियां और लाठियां लेकर, क्या उन्होंने पासर्स-बाई पर आक्रमण नहीं किया? 9 महीने यह बिहार आन्दोलन चला है और 9 महीने के अन्दर इतने शानदार ढंग से चला है, तो क्या ये लोग एक दिन का प्रदर्शन भी शांतिपूर्वक नहीं कर सकते थे? कारण समझ लीजिए इसका। जो ये लोग आज जयप्रकाश जी को फासिस्ट कहते हैं, इन्हीं लोगों ने तो महात्मा गांधी को इम्पीरियलिस्ट्स का दलाल कहा है, इन्हीं लोगों ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस को भद्दी-भद्दी गालियां दी हैं। कांग्रेस के मित्रो, आप देखेंगे एक समय आएगा---साल-दो-साल में आ सकता है--- आपकी विदेश-नीति में थोड़ा सा परिवर्तन हुआ नहीं, जितनी गालियां आज जयप्रकाश नारायण जी को ये हमारे मित्र दे रहे हैं उससे ज्यादा तीखी गालियां, उससे ज्यादा भद्दी गालियां ये श्रीमती इन्दिरा गांधी को देंगे। इनकी भक्ति एक ही के प्रति है, इनकी भक्ति कांग्रेस के प्रति नहीं है, इनकी भक्ति संसद् के प्रति नहीं है, इनकी भक्ति संसदीय लोकतंत्र के प्रति नहीं है। इनकी भक्ति कोई है तो मास्को के प्रति है। आज मास्को के साथ गवर्मेन्ट आफ इन्डिया के अच्छे संबंध हैं, होने चाहिएं, मैं इस बात का पक्षपाती हूं कि हमारे अच्छे संबंध मास्को से होने चाहिएं, हमारे अच्छे संबंध वाशिंगटन से होने चाहिएं, जितनी सारी पावर्स हैं उनके साथ अच्छे संबंध होने चाहिएं। लेकिन अगर हमारे नेशनल इंटरेस्ट के आड़े कोई [illegible] आते तब निक्सन साहब रहे हों, चाहे फोर्ड साहब हों, चाहे मिस्टर ब्रेझनेव्ह . . .

श्री सुल्तान सिंह (हरियाणा) : आप का सी० पी० आई० (एम०) के बारे में क्या ख्याल है वह भी जिक्र कर दें।

श्री लाल आडवाणी : हमारे सी० पी० आई० (एम०) के दोस्त जयप्रकाश जी के आन्दोलन का इसलिए समर्थन नहीं कर रहे हैं क्योंकि हम उसमें हैं, आप उसको स्पष्ट देख रहे हैं; वे तो खुद कह रहे हैं; वे जयप्रकाश जी को बहुत अच्छा कहते हैं।

तो मैं कह रहा था ऐसे मित्रों से आप सावधान रहिए और आप मेरे तर्कों का उत्तर दीजिए कि हिन्दुस्तान में आपने न्यायपालिका को, प्रेस को, और कार्य-पालिका को इस प्रकार से कुण्ठित करके निस्सहाय करके, निर्जीव बना कर, रख दिया है फिर कैसे अपेक्षा करते हैं वह जन आंदोलन नहीं है। आज जो कुछ बिहार में हो रहा है, यह मत समझिए बिहार तक सीमित रहेगा। मैं आप को चेतावनी देता हूं, अगर आप यह मान कर चलते हैं कि 20,000 का प्रदर्शन है, छोटा सा मामला है, इन् कोर्स आफ टाइम इट् विल पीटर आऊट, तो मैं आप को याद दिलाऊं कि मार्च में यह शुरू हुआ और मार्च से हर दो दो सप्ताह बाद आपको सूचना मिलती रही है कि JP's movement has fizzled out. These fizzling out statements have been repeated again and again. तो वह फिजल आऊट नहीं हुआ। जो पिछली बार इस महीने के आरम्भ में बंद हुआ वह शायद हिन्दुस्तान के इतिहास में अभूतपूर्व होगा, केवल शहरों में नहीं, छोटे-छोटे गांवों में, कस्बों में पूरा बंद हुआ . . . *(Interruptions)* जब आप की बारी आएगी तब बोलकर संतोष कर लीजिएगा। तो इस स्थिति

[श्री लाल आडवाणी]

को समझ कर, पहिचान कर, मैं आपसे चाहता हूं, आप इसका हल निकालें। यह बात नहीं कि हल नहीं निकल सकता। आज ऐसे भी लोग हैं जो कहते हैं जय प्रकाश जी और इन्दिरा गांधी जी को मिलना नहीं चाहिए। क्यों नहीं मिलना चाहिए। अगर राजनैतिक स्वार्थ है तो क्यों नहीं मिलना चाहिये। आज पहली बार 27 साल में ऐसी स्थिति खड़ी हुई है कि जनता के रोष का चैनलाई-जेशन हुआ है।

एक फोकल प्वाइन्ट मिला है। मैं कई बातों में श्री जयप्रकाश नारायण जी से सहमत नहीं हूं। श्री जयप्रकाश नारायण कहते हैं कि उनकी दलविहीन राजनीति है और भारतीय जनसंघ आग्रह करता है कि हिन्दुस्तान का इलक्टोरल सिस्टम ऐसा होना चाहिए जिसके कारण दल और अधिक शक्तिशाली हों। (*Interruptions*) यह तो दुःख है कि आप दूसरों की बातों को सुनने के लिए तैयार नहीं होते हैं। मेरा कहना यह है कि हमारा श्री जयप्रकाश नारायण जी से सैद्धान्तिक मतभेद होने के बाद भी उनकी प्रमाणिकता पर कोई संदेह नहीं करता है और श्री जयप्रकाश नारायण जी की देशभक्ति पर कोई संदेह नहीं करता है। आज हिन्दुस्तान के जन-जन में एक बचैनी है और सार्वजनिक जीवन में नैतिक मूल्यों की प्रस्थापना करने की जो कामना है, उसके प्रतीक श्री जयप्रकाश नारायण बन गए हैं।

4 नवम्बर को वहां पर लाठी प्रहार होता है, उन पर आक्रमण होता है और आक्रमण होने के बाद एक निन्दा का शब्द, एक संकोच का शब्द, एक अफसोस का शब्द और एक शर्म का शब्द भी नहीं कहा गया। (शेम, शेम) मैं यहां पर देखता हूं कि प्रधान मंत्री जी का वक्तव्य हुआ, जिसमें उन्होंने कहा कि श्री जयप्रकाश नारायण जी के ऊपर लाठी का प्रहार नहीं हुआ। In fact, the police shielded Jayaprakash Narayan. अगर पुलिस जो है, वह इस प्रकार रक्षण करती है, तो जिस समय सचमुच में आक्रमण करने लगेगी, तो क्या होगा, वह भगवान ही जानता है। कल श्री ब्रह्मानन्द रेड्डी ने बहस का उत्तर देते हुए इस बात को दोहराया कि अगर श्री जयप्रकाश जी के ऊपर हमला हुआ होता तो इस संबंध में श्री जयप्रकाश वक्तव्य निकालते। यह तो बाकी लोग आप लोग और इधर उधर के जो लोग हैं, वे यह बात कह रहे हैं, लेकिन उन्होंने इस संबंध में कुछ नहीं कहा है। उनका वक्तव्य पढ़कर मुझे चौकन्ना होना पड़ा और इसलिए मैंने अपना कर्त्तव्य यह समझा कि यहां पर बोलने से पहले मैं स्वयं एक बार श्री जयप्रकाश नारायण जी से इस घटना के सम्बन्ध में बात कर लूं। आज प्रातःकाल मैंने पटना में श्री जयप्रकाश नारायण जी से टेलीफोन मिलाकर बात की। मैंने उनके सामने यह बात कही कि मैं सदन में बोलने से पहले आप से इस सम्बन्ध में तथ्य जान लेना चाहता हूं ताकि मैं उस आधार पर बोल सकूं क्योंकि कल ब्रह्मानन्द रेड्डी जी ने कहा था Mr. Reddy said that he would have been the first person to apolodse and would have advised the Prime Minister to do likewise if Mr. Narayan had been hit by a police lathi. मैंने श्री जयप्रकाश नारायण जी से पूछा कि क्या यह बात सही है कि आपके ऊपर लाठी प्रहार हुआ, आप के ऊपर लाठी चार्ज हुआ? श्री जयप्रकाश नारायण जी ने उत्तर दिया कि यह भी कोई पूछने की बात है और क्या इसमें भी कोई संदेह है? क्या उनका यह कहना कि मैंने इस सम्बन्ध में कोई स्टेटमेंट नहीं दिया है.

तो क्या मैं इसके बारे में डुगडुगी पीटता रहूं । अभी उन्होंने कैज्युअली कहा है कि मैंने इस बारे में एक लेख लिखा है जो एवरी-मैन्स के अगले अंक में निकलेगा । उन्होंने इसके साथ ही साथ यह भी कहा कि अगर उस समय श्री नानाजी देशमुख नहीं होते, उन्होंने मुझे न बचाया होता, लाठी का प्रहार अपने ऊपर न झेला होता, अपनी बांह को न फ्रैक्चर करवाया होता, तो मेरा कालरबोन टूट गया होता । (शेम, शेम) इसके बाद भी यह कहा जाता है कि उनके ऊपर कोई लाठी चार्ज नहीं हुआ और उनको पुलिस ने शील्ड किया हुआ था । श्री ब्रह्मानंद रेड्डी ने कहा कि अगर मुझे विश्वास हो जाए कि उनके ऊपर लाठी प्रहार हुआ तो मैं स्वयं माफी मांगूगा और मैं प्रधान मंत्री जी से कहूंगा कि वे भी माफी मांगें ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY) : Mr. Advani, You have had 25 minutes.

श्री लाल आडवाणी : अगर आप अनुमति देंगी तो मैं लंच के बाद कान्टीन्यू करूंगा ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY) : You have exceeded your time-limit. You were given 25 minutes.

श्री लाल आडवाणी : मैं जल्दी समाप्त कर रहा हूं । मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि अगर श्री ब्रह्मानन्द रेड्डी जी अपनी बात पर अटल हैं, तो कल जो बात उन्होंने लोकसभा में कही है, तो मैं उनसे अपेक्षा करता हूं, आज इस सदन में, इस राज्य सभा को पवित्र मान कर सारी बातों के लिए माफी मांगें और कहें कि जिस पुलिस ने इस तरह की कार्यवाही की है, वह एक गलत कार्य किया है, और मैं उसके लिए क्षमा मांगता हूं ।

मैंने कल इस बात का उल्लेख किया था और मैं समझता हूं कि 6 अप्रैल, 1919 का उल्लेख किया था जिसमें ब्रिटिश सरकार ने बड़ी बेशर्मी के साथ माफी मांगी थी । उस समय जिस तरह से लाला लाजपतराय के ऊपर लाठी का प्रहार किया गया है और जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गयी थी, उसके सम्बंध में भी सेन्ट्रल लैजिस्लेचर में यह आवाज उठी थी । तब शायद संसद् का यह सदन नहीं बना था, पुराने सैक्रेटेरियट में सैन्ट्रल लैजिस्लेटिव असैम्बली बैठी थी, वहां पंडित मदन मोहन मालवीय ने श्रद्धांजली अर्पित करते हुए कहा—

1 P.M.

"It seemed that the effect and the shame of the attack had gone down deep into his heart, and it is a painful thought to me, as to so many others here, that his life should have ended with that unhappy thought in him, and that the Government of Punjab and the Government of India should have lost the opprortunity of making an apology to him for an attack which in any other country would have provoked the greatest indignation and would have made the Government bow to public opinion."

मैं अपेक्षा करता हूं कि यह जो अवसर है आज संसद् में फिर बहस का गृह मंत्री श्री ब्रह्मानन्द रेड्डी उसको खोएंगे नहीं और जयप्रकाश जी से सार्वजनिक रूप से माफी मागेंगे इस घटना के लिए ।

महोदया, कानक्लूड करते हुए मैं, जैसा मैंने शुरू में कहा था, कुछ रचनात्मक सुझाव देना चाहूंगा । यह अवसर केवल टीका-टिप्पणी और आलोचना के लिए नहीं है । टीका-टिप्पणी और आलोचना का अवसर तो उनके लिए हो सकता है । ये चाहते हैं कि इस स्थिति का फायदा उठाए, यह आन्दोलन चलता रहे और जयप्रकाश जी जो कुछ ठीक बात करना चाहते हैं वह न कर पाएं और इस बहाने राइट रिएक्शनरीज, भारतीय जनसंघ और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, सब लोगों को गाली देने का मौका ये चूकें नहीं । मैं आपसे निवेदन करूंगा कि इन लोगों के चक्कर में न पड़ें । आखिर इस आन्दोलन की बुनियाद क्या है ? इस आन्दोलन की बुनियाद है लोकतंत्र की कमजोरी, देश में बढ़ता हुआ भ्रष्टाचार, चुनाव में भ्रष्टाचार । इनके

[श्री लाल आडवाणी]

बारे में ऐसा नहीं है कि कोई चर्चा होनी बाकी है। उस दिन मैंने पढ़ा। हमारे विधि मंत्री गोखले ने कहा कन्सल्टेटिव कमेटी में--

' On the question of electoral reforms, the Government is prepared to discuss with the Opposition". Of course, there will be some issues to discuss. Dialogue always helps.

मेरी पार्टी हमेशा उसका स्वागत करेगी। हमारे मित्र राजू जी, महावीर त्यागी और कई सदस्य बैठे हैं जिन्होंने मेरे साथ संसदीय समिति में बहुत मेहनत की थी। इस सवाल पर मैंने तो अपनी तरफ से बहुत मेहनत की थी। उस रिपोर्ट का नाम है रिपोर्ट आफ दि जोइंट कमेटी आन एमेंडमेंट्स टू इलेक्शन ला। उसमें सब पार्टियों के मदस्य थे। स्वयं विधि मंत्री गोखले उसके सदस्य थे। उस समिति ने जो सिफारिशें कीं वे 72 से 74 तक रद्दी की टोकरी में पड़ी हुई हैं। उस समति ने कहा कि हिन्दुस्तान में मतदाता की आयु 21 से घटा कर 18 करनी चाहिए। उस समिति ने कहा कि रेडियो इस्तेमाल का अवसर समान रूप से सब पार्टियों को मिलना चाहिए। यह उस कमेटी की यूनानीमस रिकमेंडेशन है। जो समिति सिफारिश करती है वह रद्दी की टोकरी में पड़ी रहती है। जब लाल बहादुर शास्त्री गृह मंत्री थे तब सन्थानम कमेटी ने पौलिटिकल करप्शन के ऊपर सिफारिशें कीं। उसने तो यहां तक कहा कि अगर दस एम० एल० एज या दस एम०पीज किसी मनिस्टिर के खिलाफ स्पैसिफिक शिकायत दें तो उसकी तुरन्त जांच होनी चाहिए। उसका क्या हुआ? उसके बाद एडमिनिस्ट्रेटिव रिफार्म्स कमीशन बैठा। उसने पौलिटिकल करप्शन के मामले को तह तक देखा और उसने लोकपाल और लोक आयुक्त की नियुक्ति की सिफारिश की। 71 में जब लोकसभा बनी थी तब गृह मंत्री ने लोकपाल-लोक आयुक्त विधेयक इन्ट्रोड्यूस किया गया था। साढ़े तीन साल हो गए, लेकिन उस लोक-पाल-लोक आयक्त विधेयक के लिए समय नहीं है जबकि दूसरे बिल दो मिनट में पास हो जाते हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY) : Please conclude now.

श्री लाल आडवाणी : महोदया, मेरा सुझाव है, पहली बात कि इलैक्टोरल-रिफार्म्स के बारे में चर्चा आरम्भ करने से पूर्व समिति की जो सिफारिशें हैं उनको कार्यान्वित करे। दूसरी बात भ्रष्टाचार के बारे में सन्थानम कमेटी और एडमिनिस्ट्रेटिव रिफार्म्स कमीशन ने जो रिकमेंडेशन की हैं खासकर लोकपाल और लोक आयुक्त विधेयक सम्बधी--प्रधान मंत्री और मुख्य मंत्रियों को भी उसमें समाविष्ट करना चाहिए--उनको कार्यान्वित किया जाए। तीसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं--स्पीकर के बारे में जब बिल आया था कि एम० एल० ए० जब तक रिजाइन न करे तब तक स्पीकर उसको स्वीकार न करे तब भी इसके बारे में कहा गया था--कि राइट टू रिकाल स्वीकार करना चाहिए। राइट टु रिकाल इलैक्टोरल रिफार्म्स में आ सकता है। मैं समझता हूं कि इस समय बिहार के आन्दोलन में यह एक महत्वपूर्ण विषय हो गया है। एजूकेशन के बारे में मैं चाहूंगा कि बिहार में जो छात्र हैं और जयप्रकाश जी ने जो शिक्षाविदों की समिति बनाई है उनके साथ चर्चा करके एजूकेशन में रिफार्म करे। मैं समझता हूं कि मौटेतौर पर जो 3-4 बातें मैंने सुझाई हैं उनके साथ-साथ अगर इसके बारे में जयप्रकाश जी से चर्चा हो इन मुद्दों के बारे में तो बिहार की परिस्थिति हल हो सकती है, उसका हल निकल सकता है। जो बिहार की विधानसभा है, मैं समझता हू कि 1959 में जिस प्रकार से आपने केरल की विधान सभा को भंग करके लोकतंत्रीय कर्तव्य का पालन किया उसी प्रकार से बिहार की विधानसभा को तुरंत भंग कर देना चाहिए। उसकी रही बात

दीजिए, उसको खत्म करै दीजिए। 9 महीने से वहां पुलिस के डंडों के बलबूते पर चलने वाला राज हिन्दुस्तान के लिए एक कलंक है।

धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY) : Yes, Mr. Harsh *Deo* Malaviya.

SHRI HARSH DEO MALAVIYA (Uttar Pradesh) : Mahodaya, ___

SHRI LAL K. ADVANI : Let us adjourn for lunch now.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY :L:t him finish Then we will adjourn for lunch.

SHRI OM MEHTA : Let us adjourn after Shri Malaviya .

SHRI LAL K. ADVANI : They are doing it from the point of view of publicity and the Chair also acquiesces in it. I take objection.

अगर इस दृष्टि से कि रिपोर्ट में दूसरा पक्ष नहीं जाएगा तो इसका मैं विरोध करता हूं। आप अभी लंच कर लीजिए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY) : Mr. Advani it is very unfair of you to say this without giving me an opportunity to explain why I am delaying the lunch hour.

SHRI LAL K. ADVANI : Why should it be delayed ?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY) : There are more than 20 speakers and we want to give an opportunity to all of them. We will have lunch today for half an hour only.

श्री राजनारायण (उत्तर प्रदेश) : लंच के बाद लीजिए। अभी लंच कर दीजिए। यह व्यवस्था सरकारी पक्ष को फायदा पहुंचाने के लिए की जा रही है।

श्री लाल आडवाणी : आधा घंटे का ब्रेक करना है तो अभी कर लीजिए। मैंने स्वयं इसलिए कंप्लीट किया कि लंच का समय है।

श्री राजनारायण : ऐसी व्यवस्था चलेगी तो हम बाहर जा रहे हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY) : Since members are eager to go for lunch, we adjourn now and we will meet again at quarter to two and then Mr. Malaviya will be first speaker.

The House then adjourned for lunch at eight minutes past one of the clock. The House reassembled after lunch at forty nine one of the clock, THE VICE-CHAIR-MAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY

श्री हर्षदेव मालवीय : महोदया, अभी हमने माननीय श्री आडवाणी का भाषण सुना और उस भाषण को सुनने के बाद मुझे ऐसा लगा कि श्री आडवाणी और उनके दल वाले जयप्रकाश जी की गर्दन पर बंदूक रख कर चला रहे हैं। उनका टारगेट है, उनका ध्येय है हमारी कांग्रेस और हमारी प्रधानमंत्री। जिस दिन 5 नवम्बर को श्री जयप्रकाश नारायण तथाकथित लाठी खा कर जिसके बारे में हम को शक है और दुनिया को शक है, अपने घर 10 बजे रात पहुंचे तो उन्होंने दो बातें कहीं। एक तो उन्होंने यह कहा कि हम एक एक को समझ लें। हिन्दी में उसका अनुवाद करें तो मुझे यह याद आता है कि हमारे मुहल्ले के नब्बू खलीफा के अखाड़े में बनारसी पहलवान भी होते थे और वे कहते थे कि हम एक एक को देख लेंगे। दूसरी बात उन्होंने एक अचम्भे की यह कही कि यह लड़ाई भारतीय जनता और इंदिरा गांधी के बीच में है। इससे पता लगता है कि उनकी लड़ाई की असलियत क्या है और जिसको वे टोटल रिवोल्यूशन कहते हैं, वे असलियत में क्या है। अगर आपइन बातों को छोड़ भी दीजिए तो तथ्यों पर आइए। मैं कुछ तथ्य आपके सामने रखना चाहता हूं। 18 मार्च को बड़ा भारी डिमोंस्ट्रेशन हुआ था और उस में वायलेंस, हिंसा और आगजनी भी हुई। इसके पहले बिहार में विद्यार्थियों की कुछ मांगें चल रहीं थीं और उनकी मांग यह थी कि उनकी रसोई का मामला ठीक किया जाय, राशन पर्याप्त मात्रा में मिले, पुस्तकों और कापियों का प्रबन्ध हो स्कालरशिप बढ़ाई

[श्री हर्षदेव मालवीय]

जाए। इन सब बातों पर विचार करके गफ्फूर साहब ने राशन की मात्रा साढ़े सात किलो कर दी और स्कालरशिप 101 रु प्रतिमास बढ़ा दिया। इसके अलावा स्कालरशिप जिनको दिये जाते थे उनमें भी वृद्धि कर दी। पहले 3067 विद्यार्थियों को स्कालरशिप दी जाती थी और अब 7679 को दी जाती है। विद्यार्थियों के लिए कापियां और पुस्तकें भी मंगा दी गई। इसके अलावा यह भी तय किया गया कि एक करोड़ रुपए खर्च करके 12 होस्टल सारे प्रान्त में बनाए जाएंगे। इसके अलावा विद्यार्थियों की मांग थी कि शिक्षा प्रणाली में सुधार किये जाएं। उसके लिए भी एक कमेटी बना दी गई है और वह इस प्रश्न पर विचार कर रही है। विद्यार्थियों की यह मांग थी कि युवकों के, विद्यार्थियों के जो संगठन हैं, युनिवर्सिटीज की जो मैनेजिंग बाडीज हैं, उनमें उनको प्रतिनिधित्व दिये जाएं। मुख्य मंत्री ने उनकी इस मांग को उचित मान और कहा है कि इसके लिए हमने एक योजना बनाई है और वह अभी विचाराधीन है उस पर जल्द फैसला होने वाला है। विद्यार्थियों की ये सारी मांगें मान ली गई। लेकिन सवाल यह है कि जो संतुष्ट नहीं होता है उसको कोई संतुष्ट नहीं कर सकता है। जो किसी की बात सुनना नहीं चाहता है उसको कोई बात सुना ही सकता है। इसी आधार पर 18 मार्च को डिमोन्स्ट्रेशन करवाया गया और उस दिन वायलेंस हुई, हिंसा हुई। उन्होंने यह भी कहा कि गवर्नर को बोलने नहीं देंगे। गवर्नर वहां पर गए। उसके बाद तमाम घटनाएं हुई।

अब श्री जयप्रकाश नारायण जी को कुछ लोगों की तरफ से धोखा दिया गया और यह धोखा दिया गया जनसंघ वालों की तरफ से और अन्य लोगों की तरफ से। कांग्रेस-ओ० वालों ने, एस०एस०पी० वालों ने, एस०पी० वालों ने श्री जयप्रकाश जी को आश्वासन दिया कि आप आन्दोलन का नेतृत्व करो, हमारे एम० एल० ए० एसेम्बली से इस्तीफा दे देंगे लेकिन जनसंघ के 13 विधायकों में से 12 ने इस्तीफा नहीं दिया और उनमें से एक कांग्रेस में शामिल हो गया। एस०एस०पी० के जो श्री राजनारायण जी की पार्टी के लोग हैं, 17 में से 10 ने इस्तीफा दिया, 7 ने नहीं दिया और उनमें से एक कांग्रेस में शामिल हो गया।

श्री गुनानन्द ठाकुर : (बिहार) : 7 ने इस्तीफा दिया, 10 ने नहीं दिया।

श्री राजनारायण : श्री मालवीय ठीक कह रहे हैं, 10 ने इस्तीफा दिया है।

श्री हर्षदेव मालवीय : सोशलिस्ट पार्टी के 13 में से 9 ने इस्तीफा दिया और कांग्रेस (ओ०) के 2 मैम्बरों ने इस्तीफा दिया और 14 ने इस्तीफा नहीं दिया। हल-झारखण्ड और झारखण्ड पार्टी का सवाल ही नहीं है क्योंकि वे इस आन्दोलन में शामिल नहीं हैं। उन्हें इस्तीफा देने का सवाल ही नहीं होता। तो इस इस प्रकार से जनसंघ जो जयप्रकाश जी को एक बड़ा नेता मान कर चल रहा है।

श्री राजनारायण : मैंने कहा था मैं वाक-आउट करता हूं। व्यवस्था का प्रश्न मैं बाद में उठाऊंगा।

(Interruptions).

श्री हर्षदेव मालवीय : जरा उनको चुप कराइए। वहां इन दलों के 77 सदस्य हैं, 77 में से 34 ने इस्तीफा दिया। तो यह क्रांति वहां ठप हो गई। 319 सदस्य विधान सभा में हैं। उनमें से 140 विरोधी दल के हैं। तो उन 77 में से, जो "बहादुर दलों" के हैं, सिर्फ 34 ने इस्तीफा दिया, बाकी ने धोखा दिया। और जब यह हालत हो गई और महाक्रांति या टोली दिखाई दी तो सर्वदलीय धमकी

घेराव ऐसे-ऐसे कांण्ड चले और करीब 40 केस उसके बाद बिहार प्रान्त में हुए जहां ऐसा किया गया फिर जयप्रकाश जी ने नारा दिया कि इम्तिहान में मत बैठो इम्तिहान मत दो। एक दिन पहले बड़ा झगड़ा रहा, सरकार ने इंतजाम नहीं किया, लेकिन बाद में इंतजाम किया। परीक्षा में कितने विद्यार्थी बैठे? पटना विश्वविद्यालय में 69 परसेंट लोगों ने परीक्षा दी, मगध विश्वविद्यालय में 72.8 प्रतिशत विद्यार्थियों ने इम्तिहान दिया, रांची में 60 प्रतिशत विद्यार्थियों ने इम्तिहान दिया, मिथिला में 87 प्रतिशत ने, बिहार विश्वविद्यालय में 66 प्रतिशत ने और भागलपुर विश्वविद्यालय में 51.8 प्रतिशत विद्यार्थियों ने परीक्षा दी।

श्री ओउम प्रकाश त्यागी : परीक्षा हुई या केवल हाजरी हुई? क्या सभी बोगस परीक्षाएं नहीं थीं?

श्री हर्षदेव मालवीय : अब देखिए, जब यहां भी मामला फेल हो गया तो जयप्रकाश नारायण ने फिर नारा लगाया कि टैक्स मत दो। कहते हैं कि शासन ठप हो गया, बिहार में शासन नहीं नहीं चल रहा है। सरकारी आंकड़े देखिए आंकड़े बताते हैं कि एक्साइज रैवेन्यू की गत वर्ष अप्रैल और अगस्त मास के बीच में 5.79 करोड़ रु० की वसूलयाबी हुई है। इस साल इन्हीं महीनों में, अप्रैल और अगस्त के बीच 6.9 करोड़ रु० की वसूलयाबी हुई। अगर शासन नहीं चलता तो क्या...

श्री राजनारायण : तब तो यह आन्दोलन बड़ा हित कर हुआ इस सरकार के लिए।

श्री हर्षदेव मालवीय : हां, आप ऐसा करिए। ऐसा करते करते पूरा खात्मा हो जाएगा आपका। जहां तक सेल्स टैक्स वसूली है, उसमें 8 करोड़ रु० की वृद्धि हुई। याद रखिए, बिहार में यह वह सीजन नहीं है जिसे वहां वसूली का सीजन कहा जाता है। वहां जो नियोजित विकास होता है, प्लाण्ड डैवेलपमेंट, गत वर्ष इन्हीं महीनों में 20.75 करोड़ रु० खर्च हुआ था। आज इस साल उसी अरसे में 31.67 करोड़ रु० व्यय हुआ।

डा० रामकृपाल सिह (बिहार) : आपसे आग्रह करूंगा कि वे आंकड़े देते हुए कृपया यह भी बताएं उस साल का टार्गेट कितना था और इस साल का टार्गेट कितना था और कितनी वसूली हुई, टैक्सों में वृद्धि कितनी हुई, एक्साइज ड्यूटी इस साल बढ़ायी गई, एक्साइज लाइसेंस की फी बढ़ाई गई। और ले-आऊट प्लान पर कितना था यह भी बताएं

(Interruptions)

श्री हर्षदेव मालवीय : आप उस के पूरे फिगर्स देकर डाक्टर राम कृपाल सिंह जी, पूरक कर दीजिए। मुझे बोलने दीजिए। उसके बाद होम टेनेंसी एक्ट में 1.85 लाख परिवारों को भूमि पर स्वामित्व दिया गया। यह एडमिनिस्ट्रेशन का एक बड़ा भारी एचीवमेंट है। उसके बाद, 1034 ट्राईबल घरानों को, जो जमीन उनसे छीन ली गई थी, वापस करा दी गई। यह बिहार के शासन का रूप है। 1967 से अब तक महोदया, 9 मुख्य मंत्री बिहार प्रदेश में हुए। वहां तीन बार राष्ट्रपति का शासन हुआ। चार बार चुनाव हुए– 1967 म. 1969 में और 1971 व 1972 में। 1971 के चुनाव में कर्पूरी ठाकुर साहब मुख्य मंत्री थे। अब ये कहते हैं चुनाव में सब घपला होता है। जब कर्पूरी साहब मुख्य मंत्री थे जो कि श्री राजनारायण के दल के आदमी हैं और फिर भी कांग्रेस जीत गई।

2 P.M. DR. RAMKRIPAL SINHA : I was a Minister in the Karpoori Cabinet, I was a member there. The decision was of the Cabinet.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY) : Dr. Sinha, you are not to reply. Please sit down.

श्री हर्षदेव मालवीय : यह कहा जाता है कि कांग्रेस के शासन तंत्र चलाने में चुनावों में बेइमानी होती है। अभी परसों की बात है कि श्री जयप्रकाश नारायण ने कहा कि चुनाव ठीक नहीं होते हैं। अगर चुनावों में बेइमानी होती तो श्री मधु लिमये किस प्रकार जीतते ? अगर कांग्रेस चुनावों में बेइमानी करती तो श्री मधु लिमये चुनावों में न जीत पाते । इस तरह से अनाप-शनाप बातें कहना उचित मालूम नहीं देता है ।

पटना में तीन दिन का बन्ध हुआ जिसमें कहा जाता है कि श्री जयप्रकाश नारायण को मार डालने का प्रयास किया गया था । इस संबंध में यह आरोप लगाया जाता है कि उनके ऊपर लाठी चार्ज किया गया और क्या-क्या हुआ, इस संबंध में मैं एक बात निवेदन करना चाहता हूं । इस बन्ध के दौरान रेलवे के एक प्रवक्ता ने यह बतलाया कि इन तीन दिनों में बन्ध के कारण पूर्वी रेलवे को 5 करोड़ रुपये का नुक्सान उठाना पड़ा । प्रवक्ता के अनुसार बन्ध के दौरान भीड़ ने अनेक कीमती मशीनी तथा संचार संबंधी यंत्रों को नुक्सान पहुंचाया, जिनको आज बदलना पड़ रहा है । इसके अतिरिक्त रेलवे को 11 हजार प्रति-दिन रेलवे वैगनों का नुक्सान उठाना पड़ा, जिसके कारण आवश्यक वस्तुओं को एक जगह से दूसरी जगह नहीं पहुंचाया जा सका । इस तरह से रेलवे के 4,400 कोयला वैगन नहीं जा सके और केवल 1,362 ही जा सके । इस तरह से इस आंदोलन द्वारा देश की आर्थिक स्थिति खराब हुई और इस तरह के जो आंदोलन होते हैं, उसकी वजह से देश की आर्थिक स्थिति खराब होती है ।

मैं यह कहना चाहता हूं कि श्री जयप्रकाश नारायण का जो आंदोलन है, वह भ्रष्टाचार के खिलाफ है और वह भ्रष्टाचार का विरोध करते हैं । अब सवाल यह है कि जहां तक भ्रष्टाचार का सवाल है जो यहां पर बड़े-बड़े पूंजीपति हैं, बड़े-बड़े उद्योगपति हैं, अरबपति हैं, उनके विरुद्ध वे भ्रष्टाचार क्यों ही दिखलाते हैं ? वहां उनको भ्रष्टाचार दिखलाई नहीं देता है । भ्रष्टाचार तो उन्हें केवल कांग्रेस में और कांग्रेस की सरकार में ही दिखलाई देता है ।

श्री लाल आडवाणी : क्या आपने आज का हिंदुस्तान टाइम्स पढ़ा, जिसमें लिखा है कि कांग्रेस वालों को लाखों रुपया दिया गया । यह बात लाइसेंस कांड में जो मुखबिर बन गया है, उसने कहा है ।

श्री हर्षदेव मालवीय : जहां तक भ्रष्टाचार की बात है, मैं जरा साफ कह देना चाहता हूं . . .

SHRI NIREN GHOSH (West Bengal) : The Congress Party and the leaders are in a stinking pool of corruption.

श्री हर्षदेव मालवीय : मैं आप से यह निवेदन करना चाहता हूं कि श्री जयप्रकाश नारायण ने जेबी किस्म के बहुत से संघ बनाये हैं, जिनमें बिहार भूदान यज्ञ कमेटी है, बिहार खादी ग्रामोद्योग संघ है, गांधी स्मारक निधि है, बिहार भूदान समिति, बिहार ग्रामीण शिविर, गांधी शांति प्रतिष्ठान, ग्राम स्वराज्य समिति, बिहार सर्वोदय मंडल, बिहार शांति सेना, बिहार रिलीफ कमेटी, लोक चेतना समिति, इस प्रकार के कितने ही संघ श्री जयप्रकाश के नाम पर हैं, जिनमें करोड़ों रुपये का गोलमाल है । आप बिहार खादी ग्रामोद्योग संघ को ही ले लीजिये, जहां पर 2 करोड़ रुपये से अधिक चोरी और गबन का मामला है और इसमें जालसाजी और धोखाधड़ी की बात हुई है । इसके जो प्रमुख मंडल के सदस्य हैं, इनमें श्री जय प्रकाश नारायण ही हैं ।

(*Interruption*)

श्री राजनारायण : इस तरह की बातें कहना आपके मुंह से शोभा नहीं देती है ।

श्री हर्षदेव मालवीय : जब संघ के कार्यकर्त्ताओं ने इस गबन और भ्रष्टाचार के खिलाफ

हड़ताल की तो श्री जयप्रकाश नारायण ने 200—300 आदमियों को नौकरी से निकाल दिया। उसके बाद खादी संघ के कार्यकर्त्ताओं के प्रोविडेंट फंड, बुनकरों, कतिना एवं अन्य कामगारों की अमानत की कुल रकम जो 85 लाख रुपये से ज्यादा है, को संचालकों ने गबन कर लिया। इसका मुकदमा भी कार्यकर्त्ताओं ने मुजफ्फरपुर कोर्ट में संचालकों के ऊपर धारा 420, 418, 406 में चलाया है। जयप्रकाश बाबू वहां भ्रष्टाचार मिटाने का काम क्यों नहीं करते ? अब जरा बिहार भूदान यज्ञ कमेटी को देखिये, जिसके भी जयप्रकाश बाबू मुख्य संचालक हैं। विनोबा जी ने पद यात्रा करके चन्द वर्षों में 21 लाख एकड़ जमीन मांगी, किंतु उनके चेले मोटर कार पर सैर करकेमी—भूदान कमेटी के पास अपनी 30 हजार की कार है—कमेटी की प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक बीस वर्षों में केवल 3,62,509 एकड़ जमीन बांट सके हैं। भूदान में प्राप्त बहुत सी जमीन बिहार सरकार ने अपने कामों के लिये अर्जित कर ली और उसके मुआवजे का भुगतान किया जो लाखों में था, किंतु कमेटी की बही में जमा हुआ सिर्फ 75,735 रुपये 97 पैसे।

डा० राम कृपाल सिंह : भूपेश गुप्त ने सब आपको दे दिया पढ़ने के लिये।

SHRI HARSH DEO MALAVIYA : This report has been published in a number of papers in India.

श्री राजनारायण : यह केवल यही कह रहे हैं कि हर्षदेव मालवीय जी कह रहे हैं वह सब असत्य है।

श्री हर्षदेव मालवीय : भूदान कमेटी द्वारा जिन गरीब मजदूरों को जमीन बांटी गई उनको पुनः बेदखल कर दिया गया। बेदखल करने वालों में स्वयं भूदानी नेताजी हैं।

श्री राजनारायण : हम पढ़ते हैं तो आप कहती हैं कि कहां से पढ़ रहे हो, लेकिन ये तो बिलकुल कम्युनिस्ट अखबार पढ़ कर रूसी प्रचार कर रहे हैं, लेकिन आप टोक नहीं रही हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHR MATI PURABI MUKHOPADHYAY) : Please do not interrupt. You will get your chance.

श्री लाल आडवाणी : पता तो लगाना चाहिए कि पढ़ क्या रहे हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY) : Mr. Malaviya, they want to know what is that you are reading from.

SHRI HARSH DEO MALAVIYA : I am reading from "Jan Morcha", a daily published from Lucknow. I certainly will not quote "Motherland". रोहतास जिले से अधौरा ग्राम में 31 एकड़ भूदान की जमीन 30 मजदूर परिवारों के बीच बांटी गई। मजदूरों के नाम से जमीन का दाखिल खारिज भी हो गया। लेकिन गत वर्ष प्रसिद्ध सर्वोदय नेता श्री हरे कृष्ण ठाकुर जो जयप्रकाश बाबू के निकट में वर्षों तक रहे हैं, ने सभी मजदूरों को मार कर भगा दिया और झोपड़ियों को उजाड़ दिया और जमीन हज्म कर ली। इसी तरह दरभंगा, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, महरसा, भोजपुर तथा रांची जिले में भूदान के कई नेताओं और जमींदारों की मिली भगत से लगभग 25 हजार एकड़ जमीन मजदूरों की निकाल कर हज्म कर ली गई।

श्री राजनारायण : यह महरोली की बात होगी, जहां इन्दिरा जी की 22 बीघे 12 बिस्वा जमीन है।

श्री हर्षदेव मालवीय : 80 प्रतिशत से अधिक कार्यकर्त्ताओं का 100 रुपये से कम माहवार वेतन पर जीने को मजबूर किया जा रहा है, जबकि नेताओं को भत्ता 500 रुपए से 1,000 रुपए माह-

[श्री हर्षदेव मालवीय]

वार है। मेरे कहने का मतलब यह है कि बिहार की भूदान कमेटी में लाखों रुपए का गोलमाल है। उसका ब्यौरा जब जयप्रकाश बाबू के सामने पेश किया गया तो उन्होंने कहा कि जहां करोड़ों का खर्चा है, वहां लाखों का गोलमाल हो सकता है। यह बात जयप्रकाश ने रिलीफ कमेटी के कार्यकर्त्ताओं के सामने कही ।

श्री महावीर त्यागी : वहां की गवर्नमेंट ने क्या एक्शन लिया ?

श्री ओइम प्रकाश त्यागी : पौइन्ट आफ आर्डर । अभी आपने जयप्रकाश नारायण के विरुद्ध बहुत बड़ा चार्ज लगाया कि जयप्रकाश बाबू के सामने यह प्रश्न लाया गया कि लाखों का गोलमाल है और जयप्रकाश नारायण ने कहा कि जहां करोड़ों का खर्चा है वहां लाखों का घोटाला हो सकता है। इस प्रकार का चार्ज लगाया है। आप ऐसे व्यक्ति के खिलाफ चार्ज लगा रहे हैं जो यहां अपने को डिफेंड करने के लिए नहीं है । इसलिए मैं समझता हूं कि आप अपने शब्द वापिस लें।

श्री हर्षदेव मालवीय : मैं वापिस नहीं लेता।

श्री ओइम प्रकाश त्यागी : देश भक्ति और ईमानदारी में जयप्रकाश से ऊंचा देश में कोई व्यक्ति नहीं है।

श्री हर्षदेव मालवीय : आप मानते होंगे, मैं नहीं मानता। महोदया, मैं जयप्रकाश जी के कैरियर की आपको जानकारी कराना चाहता हूं। उनके कैरियर को जरा देखें, हमारे राष्ट्र के "बड़े नये देवता" जो पैदा हुए हैं संयुक्त राज्य अमरीका में इन्होंने शिक्षा पाई। वहां पर वह कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य हो गए या उसके निकट आए।

श्री लाल आडवाणी : आप जयप्रकाश जी के कैरियर की बात कहते हैं, मैं आपको कहता हूं कि आप गलत तर्क का उत्तर दीजिए। सुबह-सुबह ही यह बातें हुई हैं और यहां पर व्यवस्था दी गई है कि इस प्रकार से किसी व्यक्ति के ऊपर लांछन न लगाया जाय।

SHRI NIREN GHOSH : Let them do it. Let the country hear it so that the flames will hutn more fiercely.

श्री हर्षदेव मालवीय : सुबह की बात व्यक्ति नहीं अधिकारी के बारे में थी। जे० पी० अधिकारी नहीं है तो उसके बाद अमरीका में ये कम्युनिस्ट पार्टी के मैम्बर हो गये। वहां से हिन्दुस्तान आये। हिन्दुस्तान आ करके यह बिड़ला जी के साथ रहे, फिर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में गये। . . .

(Interruption)

THE VICE- CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY : Please finish in two minutes, Mr. Malaviya.

SHRI HARSH DEO MALAVIYA : How can I ? You must give me some more time.

श्री राजनारायण : जयप्रकाश जी यहां पर नहीं हैं। अभी सुबह यहां पर चन्द्रशेखर जी के पाइंट आफ आर्डर पर चेयर ने यह कहा कि जो सफाई देने के लिए यहां न हों, उनके खिलाफ आरोप न लगाये जायें। श्री जयप्रकाश के ऊपर इन्होंने अनर्गल, निराधार, द्वेषपूर्ण और असत्य बातों का आरोप लगाया है । Those who live in glass houses should not through stones at others.

मैं मालवीय जी से निवेदन करूंगा कि वे खुद अपने को देखें। . . .

(Interruption .)

आप कृपया इसको प्रोसीडिंग्स से निकलवाइये।

श्री ओउम् प्रकाश त्यागी : आप का रूलिंग क्या है। जो हाउस में नहीं है उनके ऊपर आक्षेप किया जा रहा है।

श्री हर्षदेव मालवीय : हमने उनको नेता नहीं बनाया है। आनन्द मार्गियों ने उनको नेता बनाया है। उसके बाद ये सी० एस० पी० में आए।

श्री कृष्ण कान्त (हरियाणा) : ये चाहे जो कहें वह नेता है।

श्री हर्षदेव मालवीय : सी० एस० पी० छोड़ा तो देश के समाजवादी नेताओं को बड़ा ही दुःख हुआ। श्री रामकृष्ण सिन्हा हमारे दल के सदस्य हैं। उन्होंने एक किताब लिखी है :

"J. P. the God that failed".

उसमें लिखा है . . .

(Interruption)

डा० रामकृपाल सिंह : माननीय जवाहरलाल जी ने जयप्रकाश जी के बारे में क्या कहा है, यह भी पढ़ा है ?

(Interruption)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY) : Please sit down. Hon. Members, are you interested in continuing the discussion ? If so, please do not interrupt while one Member is speaking.

SHRJ RAJNARAIN : He is talking nonsense.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY) : If you think is he is talking nonsense, you can reply when you spe:ik.

SHRI RAJNARAIN : What do you think ? What is he talking ?

(Interruption)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUHKHOPADHYAY) : Don't arrogate to yourself the right of the Chair. Please sit down.

श्री सुल्तान सिंह : यहां बोल सकते हैं। जरूर बोलेंगे, कोई रोक नहीं सकता।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY) : Mr. Sultan Singh, please sit down.

श्री ओउम् प्रकाश त्यागी : जयप्रकाश जी के पैर की धुल के बराबर भी नहीं हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY) : Please sit down.

श्री हर्षदेव मालवीय : आजादी के बाद पहले वह सर्वोदय में गए और जीवनदानी बने। वह भी उन्होंने छोड़ दिया फिर उसके बाद कल्चरल फ्रीडम सोसाइटी के अध्यक्ष हुए जो बाद में पता लगा कि यह सी० आई० ए० की एजेंसी है . . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY) : You have taken your time. Please sit down.

SHRI HARSH DEO MALAVIYA : There was lot of interruption.

श्री राजनारायण : सी० आई० ए० पेट से निकली है इन्दिरा गांधी के। *(Interruption)* में ओम मेहता जी से रिक्वैस्ट करूंगा कि वह इनको बैठाऐं। इस तरह बदतमीजी यहां बंद होनी चाहिए।

(Interruption)

श्री हर्षदेव मालवीय : मैंने जयप्रकाश को सी० आई० ए० का एजेंट नहीं कहा है। एक कल्चरल फ्रीडम सोसाइटी थी जिसे सी० आई० ए० ने बनाया था, उससे इनका सम्बन्ध था।

(Interruption)

श्री लाल आडवाणी : मेरा पाइंट आफ आर्डर है। मैं आप के माध्यम से यह पूछना चाहता हूं कि यहां संसदीय कार्य मंत्री बैठे हैं गृहमंत्री भी बैठे हैं और इस समय सरकारी दल की ओर से पहले-पहले वक्ता हैं। अगर यही स्तर चलना है तो मैं समझता हूं कि यहां पर अपोजीशन पार्टी का कोई अर्थ नहीं। भाग लेने का कोई महत्व नहीं रहता। कम से कम इस प्रकार की बदतमीजी करने से आपको रोकना चाहिए। अगर यह इस तरह की बदतमीजी अपने भाषण में करेंगे तो इनका भाषण सुनने के लिए हम तैयार नहीं हैं।

(Interruption)

श्री ओम् प्रकाश त्यागी : जयप्रकाश जी को सी० आई० ए० का एजेंट कहना देशभक्ति का अपमान है।

श्री लाल आडवाणी : मैं आप को कहता हूं कि इनका भाषण आपको मंहगा पड़ेगा। मैं आप को कहता हूं कि आप इसको शांत कराइए इनको ऐसा करने के लिए, बदतमीजी करने के लिए रोकें।

This is slanderous and malicious.

श्री रबी राय (उड़ीसा) : मेरा आपके जरिए ब्रह्मानन्द रेड्डी जी से निवेदन है और होम मिनिस्टर साहब से भी कि सी० आई० ए० और के० जी० बी० मनी के बारे में कई सालों से सेंट्रल गवर्नमेंट के मामला पड़ा है और सरकार के पास स्पष्ट भी है। सरकार इसको छाप नहीं रही है कि कौन सी० आई० ए० का रुपया पा रहा है। मैं आप की व्यवस्था चाहता हूं...ब्रह्मानन्द रेड्डी बैठे हैं वह बताएं

Shri Malaviya has no right to assasi-nate the character of Shri Jayaprakash

(Interruption)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY) : Please sit down. Shri Mishra is on a point of order.

SHRI R. K. MISHRA (Rajasthan) : The hon. Member has not said that Shri Jayaprakash Narayan is a CIA agent. What he said was that he was connected with the Council for Cultural Freedom and Shri JayaprakashNarayan himself in a statement said that he was not aware that this Council was receiving money ___*{Interruptions.).* He was quoting a fact which Shri Jayaprakash Narayan had admitted.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY) : Please conclude your speech, in two minutes. I am not going to give yo any more time.

SHRI HARSH DEO MALAVIYA : Please give me some more time. I have enough material. But I will cut them o ut.

श्री महावीर त्यागी : श्रीमन्, मेरा यह कहना है कि श्री मालवीय जी ने श्री जयप्रकाश जी की व्यक्तिगत बातों के बारे में नुक्ताचीनी की है। मैं समझता हूं कि यह मसला उसूलों का है। श्री जयप्रकाश जी कोई काम गलत कर रहे हैं, यह बात रिलेवेन्ट हो सकती है। लेकिन अगर श्री जयप्रकाश जी के परसनल मामलों के ऊपर नुक्ताचीनी करने की कोशिश की जाएगी और उनकी पोजीशन के ऊपर एटेक किया जाएगा तो यह ठीक नहीं है। हम उनकी नीतियों की आलोचना करें, यह ठीक हो सकता है, लेकिन उनके व्यक्तित्व पर लांछन लगाना ठीक नहीं है।

SHRI KRISHNA KANT : Madam Vice-Chairman, as far as the Congress goes it is on record and the former Home Minister, Shri Umashankar Dishit and the Congress President, Shri D.K. Barooah have recognised JP as a toweing personality and the Home Minister yesterday also, while speaking in the debate in the Lok Sabha, has paid tributes to the patriotism of Shri Jayaprakash

him; the Congress Party may have differences with him; we may not agree with him. But, as far as his personality goes, the Congress leadership is on record as having said much about his patriotism and having called him a towering personality.

SHRI MAHAVIR TYAGI : But Mr. Malaviya is contradicting what you say.

SHRI RABI RAY : Is Mr. Malaviya not a Congress man ? Is he a Congresi man or not ?....

(Interruptions)

SHRI MAHAVIR TYAGI : He is cont radicting him .....

(Interruptions)

SHRI BHUPESH GUPTA : We do not go by what the Congress has said about JP... We know what JP is .....

(Interruptions)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY) : Now we are discussing the present situation which, according to the members of the Opposition, has arisen in Bihar. 1 would not like an acrimonious debate on this subject. So, do not make it a personal or party issue. P lease go into the merits of the case and finish the debate.

SHRI LAL K. ADVANI : Thank you Madam.

SHRI MAHAVIR TYAGI : Thank you.

श्री हर्षदेव मालवीय : मैं अब समाप्त कर रहा हूं। मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि श्री जयप्रकाश जी का जो तथाकथित आंदोलन चल रहा है....

SHRI BHUPESH GUPTA : Madam, I am a little surprised at your ruling. If what you have said is a ruling, I am rather surprised and I do not know what it means. Of course, I have not heard what he said ___ *(Interruptions)* __ He said something about what JP himself has said ___ *(Interruptions)*. But I did not hear him..

SHRI BANARASI DAS (Uttar Pradesh): Madam, you have already given the ruling and the ruling of the Chair is being questioned by him now. This should not be allowed.

SHRI BHUPESH GUPTA : Even Mr. Jayaprakash Narayan himself has said about individuals and parties. He himself has said so many things in his writings and in his speeches about individuals and parties. Here also, Madam, to day these people have said, Mr. Advani himself has said, many things about my party. When they spoke, I did not disturb them and Mr. Advani himself mentioned some individuals names. I did not disturb him. So, if a Member gives a graphic sketch of somebody, we should like to be englightened.

SHRI LAL K. ADVANI : You have not heared what he has said.

SHRI NIREN GHOSH : These are all dirty untruths and falsehoods and they only add to the people's power of struggle which is going on there. Let them say these things .....

(Interruptions)

श्री हर्षदेव मालवीय : आपके आदेश को मान कर और उस तरफ की बात को सुनकर मैं अब अधिक नहीं कहना चाहता हूं। यद्यपि मेरे पास लार्ड लिटन और सर जान हावर्ट का पत्र-व्यवहार है, लेकिन मैं उनको नहीं सुनना चाहता हूं। मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि यह जो तथाकथित आन्दोलन है, जो टोटल क्रांति का रिवोल्यूशन कहा जा रहा है, वह वास्तव में क्या है। मैं यह नहीं कहता कि कांग्रेस दल में या कांग्रेस के शासन में कोई गलती नहीं है। हम दूध के धुले हुए नहीं हैं। हमारे द्वारा भी गलतियां हो सकती हैं। लेकिन सब जानते हैं कि पिछले 27 साल से कांग्रेस देश में शासन चला रहीं है। कुछ लोग और खासतौर से श्री राजनारायण जी जैसे लोग यह चाहते हैं कि किसी न किसी तरीके से कांग्रेस का राज खत्म किया जाए और उनका राज आए। चुनाव में जीत नहीं सके जनता ने चुनकर उनको भेजा नहीं। उत्तर प्रदेश के अन्दर अभी चुनाव हो चुके हैं। अब इनके सामने कोई रास्ता नहीं है। खिसियानी बिल्ली खम्बा नीचे वाली बातवाली बात इन पर लागू हो रही है। ये चाहते हैं कि देश का शासन बदला जाए, आर्थिक नीतियों को बदला जाए और जो प्रगति हो रही है उसको

[**श्री हर्षदेव मालवीय**]

रोक जाए। लेकिन यह होने वाला नहीं है।

अभी एक मिनट में खत्म करता हूं। उसके बाद उनके सामने और कोई उपाय रह नहीं गया। जयप्रकाश जी एक बड़े फ्रस्ट्रेटेड नेता हैं, उनको भगवान सद्बुद्धि दे क्योंकि आज वे रिएक्शनरी फोर्सेज-जनसंघ वाले, आनन्द मार्ग वाले के साथ—और राजनारायण ऐसे महान् नेताओं को और श्री नीरेन घोष जैसे...

SHRI NIREN GHOSH : You are a reactionary force.

श्री हर्षदेव मालवीय : वामपंथी क्रांतिकारियों को लेकर इधर का रोड़ा उधर का ईंट भानुमति ने कुनबा जोड़ा, यह चाहते हैं। ये चाहते हैं इन्दिरा जी को गद्दी से निकाल दें। तो बिल्ली के मनाए शिकार नहीं टूटता। वह होने वाला नहीं है। इसलिए नारों से मत चलिए। मैं आप से कहना चाहता हूं, इसके पीछे बड़ा भारी षड्यंत्र है, इसके पीछे धनपतियों का रुपया है। श्रीमती इन्दिरा गांधी ने कहा कि एक टाइकून ने उनको संदेश दिया कि मैं फाइनेन्स करता हूं जयप्रकाश के आन्दोलन को, मेरे खिलाफ मुकद्दमा वापस ले लिया जाए तो आन्दोलन ठप्प हो जाएगा तो इस आन्दोलन के पीछे धनपतियों, विरोधियों और प्रतिक्रियावादियों का संगठन है। इस गीदड़ भभकी से कांग्रेस दबेगी नहीं, आपका मुकाबला किया जाएगा, आपको पराजित किया जाएगा। आज या दो वर्ष बाद इलेक्शन लड़ लीजिए। आप कहते हैं असेम्बली डिजाल्व कराई जाए, राईट आफ रीकाल की बात करते हैं, राईट आफ रीकाल आडवाणी जी, सिर्फ कम्युनिस्ट देशों में हुआ है।

श्री लाल आडवाणी : स्कैंडिनेवियम देशों में।

SHRI BHUPESH GUPTA : Now he has agreed. But in the Committee on fections, he did not agree openly.

[**श्री हर्षदेव मालवीय**] : जनसंघ के दो मुंह हैं। उनका तरीका सिर्फ यह है कि येन केन प्राकारेण कांग्रेस को समाप्त करो। यह मेरे मित्र, होने वाला है नहीं। आज लड़ लो, चाहे छः महीने बाद लड़ लो, साल भर बाद लड़ लो। चाहे गुजरात में चुनाव करा लो, फिर हारोगे। तुम पावर में नहीं आ सकते।

श्री राजनारायण : माननीय, मैं आपके द्वारा पहले ही निवेदन कर दूं कि अपने मित्र श्री हर्षदेव मालवीय के बाद मेरा बोलना बड़ा मुशकिल हो रहा है। मैं चाहूंगा, भाई हर्षदेव जी को जिस धीरज के साथ हमने सुना, वे भी धीरज के साथ हमें सुनें।

अभी 4 नवम्बर को श्री जयप्रकाश अपने निवास से जा रहे हैं और जब वे जीप पर बैठकर, चारों तरफ़ भीड़ से घिरे हुए थे तो जयप्रकाश जी का संदेश मैं पढ़ दे रहा हूं;

"दो राह, समय के रथ का
घर घर नाद सुनो,
सिंहासन खाली करो कि
जनता आती है"।

रथ चल रहा है, इसकी हुंकार को घर-घर में सुन लो, सिंहासन खाली करो कि जनता आती है। यह दिनकर की कविता है। जयप्रकाश जी ने उसी को पढ़ दिया। अब इसके बाद मैं देखता हूं, भूपेश गुप्त जी इस आंदोलन के प्रति बहुत ही गैर वफ़ादार थे। तो यह दिनकर की कविता है, वह दिनकर जो राष्ट्र कवि है, उनको राष्ट्र-कवि का पद मिला हुआ है। हर्षदेव मालवीय की बात सुनकर हमें उसको पढ़ने की आवश्यकता हो गई। कुछ पंक्तियां पढ़ रहा हूं:

"झंझा सोई, तूफ़ान रुका
प्लावन जा रहा कगारों में"

यह जयप्रकाश के हुंकारों में उनका तेज जीवित है। आगे है :

"स्वागत है, आओ, काल सर्प के
फण पर चढ़ चलने वाले।
स्वागत है, आओ, हवनकुण्ड में
कूद स्वयं चलने वाले।"

वह दूसरों को हवन-कुण्ड में नहीं पड़ने देता ; खुद कूदता है।

श्री हर्षदेव मालवीय :

"सेनानी। करो प्रयाण अभय,
भावी इतिहास तुम्हारा है।
ये नखत अमा के बुझते हैं,
सारा आकाश तुम्हारा है।"

पटना के मैदान में श्री जयप्रकाश नारायण जी जलसे में मौजूद थे, उसमें और भी कई चोटी के लोग मौजूद थे, श्री अनुग्रहनारायण बाबू भी मौजूद थे जिनके सामने आज बहुत से कांग्रेसी पिद्दी और पिद्दी के शोरवे के समान भी नहीं है। वहां पर यह कविता पढ़ी गई :

"ये नखत अमा के बुझते हैं,
सारा आकाश तुम्हारा है।"

मैं हर्षदेव से कहता हूं कि वह जरा इसको सुनें :

"कहते हैं उसको "जयप्रकाश"
जो नहीं मरण से डरता है,
ज्वाला को बुझते देख, कुण्ड
में, स्वयं कूद जो पड़ता है।"

मैं चाहता हूं कि श्री हर्षदेव मालवीय श्री जयप्रकाश नारायण को समझें कि वे क्या हैं, उनकी शक्ति क्या है, उनकी ताक़त क्या है, उनकी महिमा क्या है, उनकी गरिमा क्या है, उनका वैभव क्या है, इन सब बातों को वे समझें।

श्रीमन्, मैं इसकी एक दो लाइन और पढ़ना चाहता हूं, जो इस प्रकार से है :—

है "जयप्रकाश" वह जो कि पंगु का,
चरण, मूक की भाषा है,
है "जयप्रकाश" वह जो टिकी हुई
जिस पर स्वदेश की आशा है।

वह आदमी जयप्रकाश है। इस कविता का आनन्द तो श्री भोलापासवान शास्त्री जी ले सकते हैं क्योंकि वे ही इस भूमि से आते हैं।

है "जयप्रकाश" वह नाम जिसे
इतिहास समादर देता है,
बढ़कर जिसके पद चिन्हों को
उर पर अंकित कर लेता है।

आज जो हमारे देश के भाग्य विधाता हैं, वे श्री जयप्रकाश नारायण जी हैं। श्रीमन्, मैंने इतनी लाइनें इसलिए पढ़ दीं क्योंकि हमारे मित्र श्री हर्षदेव मालवीय जी ने जिन भावनाओं के सम्बन्ध में ज़ोर दिया है उन भावनाओं के प्रति हमारे जयप्रकाश नारायण जी हमेशा सतर्क रहते हैं। श्रीमन्, जिस समय श्री हर्षदेव मालवीय जी बोल रहे थे, ऐसा मालूम पड़ रहा था कि हम सब लोग किसी पागलख़ाने में बैठकर किसी पागल की बात को सुन रहे हैं।

श्री महावीर त्यागी : श्रीमन्, मेरा एक प्वाइन्ट आफ आर्डर है और वह यह है कि किसी सदस्य का यह कहना कि जो मैम्बर यहां पर बैठे हैं, वे सब पागल हैं।

श्री राजनारायण : मान्यवर, मैं बहुत विनम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि आप उनको रोकें। मैं इस बात को कहना भूल न जाऊं, इसलिए मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि यहां पर जनतंत्र और तानाशाही की चर्चा की गई है और मैं उस पर अपनी बात कहना चाहता हूं। मैंने कल शाम और आज सुबह भी श्री जयप्रकाश नारायण जी से टैलीफोन में बातचीत

[श्री राजनारायण]

करने की कोशिश की और उनके सचिव श्री सच्चिदानन्द जी से ही हम बातचीत कर सके। हमने उनके सामने यह प्रस्ताव रखा कि पटना में दो चार दिन के भीतर एक रैली बुलाई जाए जिसमें जनता की इच्छा मालूम की जाए। इस रैली में कांग्रेस की तरफ़ से अगर इन्दिरा गांधी बोले तो ठीक है या बरुवा जी बोले तो ठीक है। जो भी कांग्रेसी पार्टी की तरफ़ से बोलना चाहता है वह बोले। अगर जयप्रकाश जी हमसे कहें तो हम बोल सकते हैं, नहीं तो वे बोलें और इस बात के लिए जनता का वोट ले लिया जाए कि बिहार विधान सभा भंग की जाए या नहीं। अगर वहां की जनता नहीं कहती है, तो ठीक है। अगर इन्दिरा गान्धी हमारे सामने भाषण नहीं कर सकती है, तो फिर जय प्रकाश जी का नाम लिया जा सकता है।

इन्दिरा जी बोलें, जय प्रकाश जी बोलें और उसके बाद पटना के गांधी मैदान में वोट लिया जाए, देख लिया जाए कि जनता क्या चाहती है। क्या गृह मंत्री इस सुझाव को मानने के लिए तैयार हैं ? गृहमंत्री इस सुझाव को मानें तो जे० पी० के सैक्रेट्री ने कहा है कि एक हफ्ते के लिए हम आन्दोलन को स्थगित कर दें और एक हफ्ते के अन्दर चुनाव हो जाये। ये बोलें तो मैं बैठता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY) : Have you finished ? Then, why did you sit down ?

श्री राजनारायण : मैं इसलिए बैठा कि हमारी चुनौती को इन्हें स्वीकारना हो तो स्वीकारें, भागना हो तो भागें । ये ऐसे महत्वपूर्ण प्रश्न हैं जिनका जवाब तत्काल दिया जाए। अगर उनके अन्दर हिम्मत होती और वे जनतंत्री होते तो खड़े होकर कहते :

All right, come on. I am prepared.

यह सुझाव उनको मान्य नहीं है तो फिर वे न कहें कि वे जनतंत्री हैं। मैं अपने मित्र भूपेश गुप्त को भी कहूंगा कि अनावश्यक हेकड़ी न मारें कि यह आन्दोलन अधिनायकशाही का द्योतक है। यह बेकार बात है। मैं आज भी कहता हूं कि बिहार की विधान सभा भंग होनी चाहिए। अनावश्यक अगर बहुत खून बहाने के बाद बिहार की विधान सभा भंग होती है तो उसमें कोई मज़ा नहीं आएगा।

परीक्षाओं के बारे में हर्षदेव मालवीय ने कहा। इस प्रश्न पर हम विरोधी दल के अन्य नेताओं से बात करना चाहते थे। हमको बिहार के कई विद्यालयों के प्रिंसिपलों ने कहा कि आप संसद में प्रस्ताव रखो कि इस साल जो परीक्षाएं हुई हैं वे परीक्षाएं बोगस हैं, कापियां सारी की सारी बाहर गईं, कापियों को दूसरे लोगों ने लिखा और उसके आधार पर पास किया गया और इसलिए इस सारी की सारी परीक्षाओं को सही न माना जाए।

डा० रामकृपाल सिंह : तिरहुत डिवीजन के कमिश्नर ने हाल में जाकर लड़के को डिक्टेट कराया।

श्री राजनारायण : ... कमिश्नर और कलैक्टर लोग परीक्षा हाल में जा रहे हैं और बाहर लिखवाकर कापियां जंचवाई जा रही हैं, उसके आधार पर पास कराया जा रहा है और फिर कहा जा रहा है कि 60 प्रतिशत शामिल हुए, 70 प्रतिशत शामिल हुए। हम कौन सा आदर्श प्रस्तुत कर रहे हैं ? वहां के प्रशासन पर इसका क्या असर पड़ेगा ? जिन कलैक्टरों से सरकार बेईमानी करवा रही है, जिन कमिश्नरों से झूठ बुलवा रही है क्या वे कलैक्टर और कमिश्नर सदाचार का रास्ता अख्तियार करेंगे। सारा का सारा देश आज भ्रष्टाचार की सरिता में डूबा हुआ है।

माननीय, कुछ प्रश्नों का उत्तर मैं पहले ही दे देना चाहता हूं, उसके बाद ही मैं आगे चलूंगा। मैं जानना चाहता हूं कि आखिर सदन के सम्मानित सदस्य जनतंत्र का अर्थ क्या समझते हैं। हमारे मित्र आडवाणी जी ने इस प्रश्न पर काफी प्रकाश डाल दिया है, इस पर मैं ज्यादा नहीं बोलूंगा। लोकतंत्र के माने क्या हैं—केवल लोक या तंत्र? अगर लोक अलग रहेगा तो तंत्र बैठ जाएगा। लोक में जनता होगी जो आज कराह रही है। एक प्रदर्शन हुआ है भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से सरकार द्वारा प्रेरित, सरकार द्वारा सहायता प्राप्त, टिकट मुफ्त, सरकारी साधन मुफ्त, तमाम जगहों से जुटा-जुटा कर आदमी सरकारी साधनों से लाए गए। एक प्रदर्शन हुआ 4 नवम्बर को। 4 नवम्बर के प्रदर्शन के लिए सारा पटना पुलिस स्टेट बना दिया गया। चतुर्दिक 30 मील के घेरे में रेल की पटरियों पर पुलिस बैठी और सारे शहर में बेरीकेड कर दिया गया, रस्से बांध दिए गए, खम्भे डाल दिए गए जिससे कोई आ न सके। बेगूसराय में पुलिस ने बैरियर डाल दिए, किसी को जाने नहीं दिया, सब को रोक दिया। सरकार की ओर से एक आदमी को भी न आने देने के लिए जितनी साजिश हो सकती थी वह की गई। नावें रोक दी गईं, स्टीमर का चलना बन्द कर दिया गया। 50 ट्रेनें कैंसिल कर दी गईं। फिर भी 4 नवम्बर पटना के इतिहास में और इस देश के इतिहास में अमर दिन होगा। मैं चाहता हूं कि सदन में जो लोग बैठे हैं वह देखें और जो एक गैर पार्लियामेंट्री डेलीगेशन जा रहा है, मैं चाहूंगा कि सरकारी पक्ष के लोग भी हमारे साथ चलें और देखें कि आज पटना में क्या है क्योंकि तमाम खम्भे वहां पर पड़े होंगे। देखें कि पटना को किस तरह से घेरा गया था, किस तरह से लोगों को वहां पहुंचने से रोका गया। एक तरह से बड़ा भारी जेलखाना बना दिया गया था। यह क्या जनतंत्र है। अगर इसको जनतंत्र कहेंगे तो पुलिस तंत्र किसको कहेंगे। मैं चाहता हूं कि हमको वर्ल्ड की हिस्ट्री से, विश्व की तवारीख से कोई जवाब दे, एक नजीर पेश कर दे। 6 करोड़ की आबादी का बिहार किस परह पुलिस से घेरा हुआ है। हिटलर और स्टालिन ने भी ऐसा नहीं किया। इंदिरा सरकार हिटलर, मुसोलिनी और स्टालिन से भी बढ़कर हो गई है। तमाम शहर में जो भी जाए वह मजिस्ट्रेट की इजाजत लेकर जाए। क्या यह जनतंत्र है? मैं पूछना चाहता हूं कि क्या यह जनतंत्र है? हमारे मित्र राजू, सोचो, समझो, अब भी चेतो। अगर चाहते हो कि जनतंत्र की रक्षा हो तो सोचो। दिन भर का भूला शाम को घर आ जाए तो भूला नहीं कहलाता। It is never too late to mend.

संविधान के अनुच्छेद 19 को पढ़ लीजिए। हमको एकत्र होने का अधिकार है। सभा करने, प्रदर्शन करने का अधिकार है। हमारे उस अधिकार को क्यों छीना जा रहा है। एक बात हमारे मित्र भूपेश गुप्त और हमारे घर मंत्री भी समझ लें, छुटका बड़का, दोनों समझ लें, कि 4 नवम्बर के प्रदर्शन के बारे में सरकार ने भी यह बात कहने की हिम्मत नहीं की कि प्रदर्शनकारियों की ओर से कहीं एक भी ईंट फैंकी गई हो। सरकार ने भी नहीं कहा। फिर शान्तिपूर्ण प्रदर्शन पर इतना राक्षसी तांडव किस लिए किया गया? क्या यह जनतंत्र है? क्या इसी जनतंत्र की रक्षा के लिए नवलकिशोर पुरानी कांग्रेस से रूलिंग कांग्रेस में चले गए। आखिर है क्या? इस समय हमारे बहुत से मित्र कांग्रेस पार्टी में चले गए हैं। मैं बहुत द्रवित हृदय से कह रहा हूं कि यह सरकार देश में हिंसा को उकसा रही है। जब रामुलू मरता है तब आन्ध्र बनता है। चूंकि

[श्री राजनारायण]

बिहार में शान्तिपूर्ण प्रदर्शन हो रहा है, शान्तिपूर्ण सभाएं हो रही हैं, निहत्थे लोग मर रहे हैं, इस लिए जनता की राय की क़द्र भी इंदिरा सरकार नहीं कर रही है। जनता की राय की कद्र कब होगी ? जब कि हम लोग जेलों में बन्द कर दिए जाएंगें और तमाम जनता हथियार लेकर खड़ी हो जाएगी।

'इंसान ने भी की है नबूअत कभी-कभी
जब फ़र्ज बन गई है बगावत कभी-कभी'

अब बगावत होगी।

हमारे ब्रह्मानन्द रेड्डी साहब समझ लो, आप इस सरकार के बल-बूते की यह बात नहीं है कि जनता जनार्दन के उभाड़ को रोक सके।

हमारे मित्र अनन्त प्रसाद शर्मा बैठे हैं। मैं इनको बहुत प्यार करता हूं। हमारा इनका बहुत मधुर रिश्ता भी है। ये सोच लें कि घर नहीं जा पायेंगे। घर जाएंगे कैसे ? घर जाने की हिम्मत नहीं पड़ेगी क्योंकि जनता की हुंकार वहां पर कहेगी कि तुम सरकार के मंत्री बनकर आ रहे हो। जनता के क्रोध को जान लीजिए। आप देखें कि जो यह बनावटी, नकली प्रदर्शन कराए जा रहे हैं उन प्रदर्शनों में क्या हो रहा है। जो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का प्रदर्शन निकले तो उसमें हथियार बर्छे, बम, पिस्तौल और गोली होती है। मैं पूछना चाहता हूं अपने मित्रों से, यह डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट की स्टेटमेंट है, वह कहते हैं कि प्रदर्शनकारियों के हाथों में हथियार थे। मैं पूछना चाहता हूं कि ब्रह्मानन्द जी आपकी बुद्धि भ्रष्ट हो गई है। हमारे शान्तिपूर्ण प्रदर्शन पर लाठी क्यों चलती है। राष्ट्रनायक जयप्रकाश जी, के बारे में गांधी जी ने कहा कि यह देश के उतने ही बड़े नेता हैं जितने बड़े जवाहरलाल जी। यह 1942 की जनक्रांति के बाद महात्मा गांधी जी के उद्गार थे। उसको हमारे सदन के माननीय सदस्य जान लें। जय-प्रकाश जी पर लाठी चले और बेशर्म हो कर प्रधानमंत्री कहती हैं कि जयप्रकाश जी पर लाठी नहीं चली। आज हमने इसकी पूरी जानकारी के लिए चार तारीख के समाचार-पत्रों को जयप्रकाश जी के बयान के लिए देखा। जयप्रकाश जी के बयान में है कि आईयाज हिट। ये वर्डे उनके सैक्रेट्री ने पी० टी० आई० के मुखारबिंदु से कहे।

(Interruption)

माननीया इस तरह की बात चार तारीख को पी० टी० आई० के प्रतिनिधि को जयप्रकाश जी के सेक्रेटरी सच्चिदानन्द ने और आज सुबह साढ़े नो बजे हम को बताई। यह बात हमने उनसे टेलीफोन पर सुनी। क्योंकि टेलीफोन पर 6 मिनट से ज्यादा बात नहीं कर सकते इसलिए हम पूरी बात नहीं कर सके।

माननीया हमारे पास अखबार है। इस अखबार को जरा देखा जाए। यह अखबार है ; 'तरुणक्रांति'। बिहार प्रदेश छात्र संघर्ष समिति का बुलेटिन है। इसमें जयप्रकाश जी के बारे में एक संदेश छपा है जिसे मैं आप को पढ़ कर सुनाना चाहता हूं जिससे यह मालूम होगा कि जयप्रकाश जी कितने महान हैं। 'आंदोलन का मंत्र लोक बनाम तंत्र' में लिखा है'

"5 अक्तूबर की सुबह के बाद से बीतता प्रत्येक घंटा, उस अंदरूनी कथा की नयी परतें खोलता जा रहा है जो मुझे चार अक्तूबर की रात को बतायी गयी थी....सारे तथ्य यही प्रमाणित करते हैं कि सरकार, भारत में इस आंदोलन को हिंसक आंदोलन के रूप में पेश करना चाह रही है। मुझे लगता है कि सरकार के अचानक परिवर्तित इस रुख के पीछे, शंकरदयाल शर्मा और चंद्रजीत यादव की रात्रि यात्रा का हाथ

है। इसलिए मैं प्रधानमंत्री को सौजन्यता-पूर्वक सावधान करना चाहता हूं कि आग से न खेलिए। अब यह संभव नहीं है कि आप जनता के मन में यह भ्रम फैला दीजिए कि मैं या छात्र संघर्ष समिति या विरोधी दल के लोग हिंसा भड़काना चाहते हैं। जनता आखिर जाग गयी है और सच-झूठ का भेद करना उसने सीख लिया है।

मैं अंत में चेतावनी देता हूं कि यदि सरकार अपनी जनद्रोही हरकतों से बाज नहीं आती है तो उसके परिणामों का अब मैं जिम्मेवार नहीं होऊंगा।

—जयप्रकाश नारायण

श्रीमन्, माननीय इसमें एक खत और है। यह बिल्कुल फोटोस्टैट कापी है। मैं माननीय सदस्यों को दिखा रहा हूं। फुले नारायण जी ने 30-7-74 को भेजा है। इन्हीं के घर से बम फैंके गये थे, गोलियां चलीं थीं। इनकी दो-तीन लाइनें मैं आप की सेवा में पढ़ना चाहता हूं। यह मैंने 5 जून की बात कही। अब श्री फुले नारायण का पत्र आप को सुनाना चाहता हूं।

"आशा है आप सपरिवार स्वस्थ एवं कुशल होंगे। आप को मालूम ही है कि 5 जून की घटनाओं में इन्द्रा ब्रिगेड से संबंधित बतलाया जाता है, मेरे साथ अन्य साहबान तथाकथित अभियुक्त जेल के चार दीवारी में बन्द हैं। ब्रिगेड का सारा कार्य आप ही के आदेशानुसार विधान सभा विघटन के मांग के खिलाफ एवं जन-तंत्र की रक्षा के लिए चलाया जा रहा था। तथा-कथित घटना में हम लोग बिल्कुल निर्दोष हैं। यह भी सुनने में आया है कि पुलिस तथा-कथित अभियुक्तों को फंसाने के लिए मनगढ़न्त गवाह इकट्ठा कर रही है। पुलिस की जो बर्बता तथा-कथित अभियुक्तों के साथ हुई वह तो अलग की बात है। जब से हम लोग जेल चले आए तब से जांच पड़ताल के सिलसिले में कोई भी अधिकारी पूछ-ताछ के लिए भी नहीं आया। मैं चाहता हूं कि इस सदन के सम्मानित सदस्य इसको देखें और नई रोशनी के नारे में इन तथ्यों को आंखों से ओझल न करें। यह श्री फुलेनारायण के पत्र की और उनके हस्ताक्षरों की फोटो स्टेट कापी है। इंदिरा ब्रिगेड क्या है, इससे सारी स्थिति साफ हो जाती है।

श्रीमन्, एक पर्चा भी मैं तथ्यों को साफ करने के लिए हाउस के सामने पेश करना चाहता हूं। यह पर्चा श्री जानकी वल्लभ, डेहरी (रोहतास) ने छापा है—"4 अक्तूबर को डेहरी में महिलाओं के जलूस पर निगरानी रखने के लिए बी० एम० पी० बटालियन के नं० 8 के आठ सिपाही और एक हवलदार तैनात थे। साथ में सी० आर० पी० अर्थात् सेन्ट्रल रिजर्व पुलिस और बी० एम० पी० – बिहार मिलिटरी पुलिस– के 6 सशस्त्र जवान एक डी० एस० पी० के मातहत भी तैनात थे। सी० आर० पी० के जवानों ने महिलाओं के साथ छेरछाड़ की। बी० एम० पी० के जवानों ने प्रतिवाद किया। इस पर डी० एस० पी० (सी० आर० पी०) ने एक महिला की बांह पकड़ ली। बी० एम० पी० के जवानों ने हस्तक्षेप किया। इस पर दोनों के बीच लाठियां चलने लगीं। लाठी से सी० आर० पी० के जवान पीटे गए तो डी० एस० पी० ने गोली चलाने का आदेश दिया। बी० एम० पी० के साथ बंदूक नहीं थी। आठों सिपाही और हवलदार सी० आर० पी० की गोलियों के शिकार हुए और वहीं खेत आए। नौ आदमियों के घटना स्थल पर मरने की खबर जैसे ही बी० एम० पी० के शिविर में पहुंची, बी० एम० पी० के जवान बिना तैयारी के घटना स्थल पर पहुंचे और उन लोगों ने घेर कर सी० आर० पी० के डी० एस० पी० को डंडों से मार कर खत्म कर दिया।

[श्री राजनारायण]

इसमें यह भी कहा गया है कि सी० आर० पी० के जवान जो दिल्ली से गए हैं वे बिहार की नवजवान लड़कियों से छेड़खानी कर रहे हैं।

कुछ माननीय सदस्य : यह बिल्कुल गलत है।

श्री राजनरायण : यह पर्चा श्री जानकी वल्लभ ने डेहरी (रोहतास) से छापा है। मैं चाहूंगा कि माननीय मंत्री जी बोलने से पहले जरा इस पर्चे को अच्छी तरह से देख लें।

माननीया, एक एक जेल की स्थिति हमारे पास है । हजारी बाग जेल में एक यादव हैं, उनको मारने के लिए जेलर आर्डर देता है लेकिन वह कहते हैं हम लाठी नहीं चलाएंगे। इस पर जेलर जाकर खुद मारता है, माथा उसका फट जाता है । इसी तरह से लोहारु सराय, सहारनपुर, मुजफ्फरपुर आदि में जितनी जेलें हैं उन तमाम जेलों में सत्याग्रहियों के ऊपर बर्बर प्रहार हो रहै हैं, निरंकुश प्रहार हो रहे हैं। माननीया, आप स्वत: सोचिए : क्या किसी जनतंत्रीय सरकार की पुलिस वहां के आंदोलनकारियों, वहां के सत्याग्रहियों के साथ ऐसा व्यवहार करेगी ? जिस सत्याग्रह रूपी माता की गोद से कांग्रेस सरकार निकली है आज उसी गोद में वह लात मार रही है, उसी को कलंकित कर रही है। यह राष्ट्रीय शर्म की सरकार है। इस सरकार को जितनी जल्दी देश की जनता हटाएगी उतना ही अच्छा होगा। एक बात और निवेदन करना चाहता हूं...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY) : You have already taken 25 minutes.

श्री राजनारायण : माननीया, मैं बहुत जल्द खत्म कर रहा हूं। इसमें सारी बातें आने दीजिए। चाहे तो एक दिन और चला दीजिए। असल में हमारे पास हर एक जिला का नाम और हर व्यक्ति का नाम है। चूंकि सरकारी पक्ष की ओर से एक बड़ा लम्बा चौड़ा प्रचार किया जा रहा है इसलिए उसके बारे में बोलना मैं अपना कर्तव्य समझता हूं। सरकारी पक्ष कहता है ऊपर के लोग इसमें हैं, इसमें पिछड़ी जनता नहीं हैं । गफूर इसको साम्प्रदायिक कलर देते हैं मगर मैं भाई गफूर से कहना चाहता हूं यह जनता की जवानी का उभार है, इसमें साम्प्रदायिकता की लहर फांक नहीं कर सकती है। मैं नाम पढ़ना चाहता हूं। मंसूर आलम के बारे में सरकार ने कहा था कि उसको प्लास्टिक गोली लगी है जब कि उसे बुलेट लगा था। पुलिस चाहती थी कि उसको निकलवा करके फिकवा दिया जाए ताकि इसका पता न चले और सरकार का यह कहना कि सरकार प्लास्टिक की गोली चला रही है यह सिद्ध हो जाए।

अब कम्युनिस्ट पार्टी के एक फनीश्वर रेणु हैं जिन्होंने ताम्रपत्र नहीं लिया। उन्होंने कहा हम कम्युनिस्टी चक्कर में नहीं पड़ेंगे, आज कम्युनिस्ट पार्टी मास्को की दलाल हो गई है! नागार्जुन जैसे बड़े-बड़े कवि आंदोलन में हैं। जयप्रकाश जी के नेतृत्व में चलने वाले आंदोलन में सम्पूर्ण अध्यापक साथ हैं, विद्यार्थी साथ हैं, वकील साथ हैं, दुकानदार साथ हैं, किसान साथ हैं और मजदूर साथ हैं ।

श्री एन० पी० चौधरी (मध्य प्रदेश) : किसान और मजदूर नहीं हैं। जनता नहीं है।

श्री राजनारायण : किसान और मजदूर आज इस आंदोलन की रीढ़ हैं। मैं कहना चाहता हूं, यह आंदोलन पूर्णरूपेण जनतंत्रीय है, यह पूर्ण-रूपेण शांतिमय है। जयप्रकाश नारायण के ऊपर जो लाठी का प्रहार हुआ है वह राष्ट्र के ऊपर प्रहार हुआ है,

राष्ट्र के सम्मान के ऊपर प्रहार हुआ है। राष्ट्र के पिता महात्मा गांधी की आत्मा जहां होगी वह कराहती होगी कि देश में एक ऐसी निकम्मी सरकार कायम हो गई जो कि राष्ट्र के सच्चे सिपाही जयप्रकाश नारायण पर लाठी का प्रहार करती है। इसलिए मैं अपने मित्रों से, विशेष रूप से भाई भूपेश गुप्त से कहना चाहता हूं कि भाई भूपेश गुप्त, समय की शिला पर मधुर चित्र किसने बनाए और किसने .... (*Time bell rings*) .... बस एक मिनट। अगर भूपेश गुप्त समय की गति को पहिचाने नहीं तो जैसे 1942 की क्रांति में उनकी पार्टी दूध की मक्खी की तरह फेंक दी गई उसी तरह जयप्रकाश जी के नेतृत्व में जो यह क्रांति चल रही है उसमें कम्युनिस्ट पार्टी को दूध की मक्खी की तरह जनता फेंक देगी। सरकार की शरण में जाकर जो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी प्रदर्शन निकाल रही है वह ठीक नहीं है। मैं अपने मित्र आडवाणी जी से यह निवेदन करना चाहता हूं कि मैं उनकी इस बात से सहमत नहीं हूं कि श्री जयप्रकाश नारायण और श्री इन्दिरा नेहरू गांधी की इस समय फिर मुलाकात कराई जाय। मैं इस बात को साफ कह देना चाहता हूं क्योंकि इस आंदोलन को देखा जाय कि यह आंदोलन क्या चाहता है। यह आंदोलन शिक्षा में आमूल परिवर्तन और चुनाव पद्धति में सुधार चाहता है। जब श्री जयप्रकाश नारायण जी इन्दिरा नेहरू गांधी से मिलने गये तो उसके तीन दिन पहिले हमने एक बयान दिया था जिसमें हमने कहा था कि श्री जयप्रकाश नारायण इन्दिरा नेहरू गांधी से मिलना नहीं चाहते हैं। हमको एक सज्जन ने बतलाया कि गांधी जी ने भी तो ब्रिटिश सरकार से बातचीत की थी। तो हमने कहा था कि जिस समय उनका आंदोलन मन्द गति में पहुंच गया था तब उन्होंने बात-चीत करने की बात मान ली थी। लेकिन आज जब श्री जयप्रकाश नारायण जी का आंदोलन चरमसीमा में पहुंच चुका है, सारे देश का युवा वर्ग श्री जयप्रकाश नारायण के आंदोलन के आगे आगे हो रहा है और अपनी जान हथेली में लेकर उसमें भाग ले रहा है तो ऐसे अवसर पर इस आंदोलन को बन्द कराना उचित नहीं होगा। श्रीमन्, जिस समय श्री जयप्रकाश नारायण जी जालन्धर जा रहे थे तो हर स्टेशन पर नौजवानों की भीड़ ने उनका स्वागत किया। कोई नहीं कह सकता है कि इस समय उनके मुकाबले में कोई लीडर विश्व में दूसरा होगा। वे आज विश्व के सबसे बड़े नेता हैं और हो गये हैं।

श्रीमन, इन्दिरा नेहरू गांधी ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद एक अध्यादेश द्वारा केवल अपने चुनाव को बचाने के लिए अध्यादेश जारी करवा दिया। इसलिए मैं आपके द्वारा अपने भाई श्री आडवाणी जी से निवेदन करना चाहता हूं जो उनसे चुनाव पद्धति के सम्बन्ध में रिफार्म की उम्मीद लगाये बैठे हैं। आज तो श्रीमन्, इन्दिरा नेहरू गांधी गद्दी पर चिपका रहना चाहती हैं और वह कोई भी साधु व्यवस्था को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। आज कोई भी साधु व्यवस्था इन्दिरा नेहरू गांधी को गद्दी से हटा नहीं पा रही है क्योंकि वह गद्दी पर चिपका रहना चाहती हैं। आज साधु और सौम्य व्यवस्थाओं को हवा में सड़ाकर इन्दिरा गांधी गद्दी पर चिपका रहना चाहती हैं।

(*Interruption*)

श्री गुणानन्द ठाकुर : श्रीमन्, हमारा एक प्वाइन्ट आफ आर्डर है और वह यह है .....

श्री राजनारायण : आज देश में जनतंत्र विरोधी सरकार के खिलाफ देश का युवक खड़ा हो गया है। (*Interruption*) आज केन्द्रीय सरकार गफूर की सरकार को बचाने की कोशिश दिल्ली से कर रही है और बिहार की जो सरकार है

[**श्री राजनारायण**]

वह समाप्त हो गई है (*Interruption*) आज दिल्ली की सरकार और दिल्ली की ताकत का संघर्ष जनता के साथ है। जनता जीते और दिल्ली की सरकार हारे, यही इस आंदोलन का मूल मंत्र और मकसद है। (*Interruption*)

श्री गुणानन्द ठाकुर: श्रीमन्, मेरा एक प्वाइन्ट आफ आर्डर है और वह यह है कि श्री राजनारायण जी ने जिस अध्यादेश का जिक्र किया, आप जानते हैं श्री राजनारायण जी ने एक इलैक्शन पटीशन दी हुई है और वे जानबूझ कर उसकी चर्चा सदन में करना चाहते हैं और जो केस इस समय न्यायालय के विचाराधीन है उसको अपनी बात कह कर इंफलुएन्स करना चाहते हैं। उन्होंने इस तरह की जो बात कही है उसको एक्सपन्ज कर दिया जाय।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY) : Please sit down, Mr. Rajnarain, I have given you 32 minutes. Mr. Sultan Singh.

श्री राजनारायण: क्या आप यह चाहते हैं कि मैं इन्दिरा नेहरु गांधी की कलई खोल दूं।

उप-सभाध्यक्ष (श्रीमती पुरबी मुखोपाध्याय) सिट डाउन।

श्री सुल्तान सिंह : उपसभाध्यक्ष महोदया, जहां तक बिहार के इस नाम निहाद आन्दोलन का ताल्लुक है, मैं तो इतना कहना चाहता हूं कि यह आन्दोलन जनता का आन्दोलन नहीं है बल्कि कुछ राजनीतिक पार्टियां जो इन्दिरा गांधी को सरकार से दूर करना चाहती हैं, कांग्रेस सरकार को हटाना चाहती हैं...

श्री राजनारायण : क्यों न हटाएं भ्रष्टाचार को।

श्री सुल्तान सिंह : उन्होंने मिलकर जयप्रकाश बाबू के साथ एक बहुत बड़ा खेल खेला है। जहां तक जयप्रकाश नारायण जी का ताल्लुक है वे उन्हीं लोगों के हाथ में खेल रहे हैं। मुझे तो आडवाणी जी की स्पीच सुनकर ताज्जुब हुआ। जब हर्षदेव मालवीय जी बोल रहे थे तो त्यागी जी भी बड़े तेज होरहे थे और वे कह रहे थे कि जयप्रकाश बाबू के खिलाफ वे एक लफ्ज भी नहीं सुनना चाहते लेकिन उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं आपकी मारफत आडवाणी जी से प्रार्थना करना चाहता हूं कि जनसंघी नेताओं के उस समय के बयान निकालें जब जयप्रकाश बाबू कश्मीर में शेख अब्दुल्ला की बुलाई हुई कान्फ्रेंस में जा रहे थे तो यही जनसंघी लोग जयप्रकाश बाबू को ट्रेटर और गद्दार कहते थे।

The Vice-Chairman (Shri Jagdish Prasad Mathur) in the Chair.

श्री महावीर त्यागी : मैंने सिर्फ यह कहा कि उनकी पोलिसी और उनकी नीति की नुक्ताचीनी करो, लेकिन उनके व्यक्तित्व की, चालचलन की चर्चा करना गलत है।

श्री हर्षदेव मालवीय : और इंदिरा गांधी के लिए कहें कि मस्तान ने उन्हें 3 करोड़ दिया वह ठीक है?

श्री महावीर त्यागी: यह भी गलत है।

श्री सुल्तान सिंह : जहां तक इस आंदोलन का ताल्लुक है, मुझे इस बात को देखकर दुःख होता है कि कुछ लोग इसे जन आंदोलन कह रहे हैं। आपकी मार्फत मैं आडवाणी जी से एक प्रश्न करता हूं। बिहार में 67 के बाद चार चुनाव हो चुके हैं और ये जो चुने हुए नुमाइन्दे आज बिहार की विधान सभा में बैठे हुए हैं जब ये चुन कर आए उस समय कर्पूरी ठाकुर की सरकार थी 71 में...

डा० रामकृपाल सिंह : 72 के चुनाव के बाद आए हैं, उस समय कर्पूरी ठाकुर की सरकार नहीं थी – ये गलत कह रहे हैं।

श्री सुल्तान सिंह : ये विधायक जनता ने चुनकर भेजे हैं। यह चुनाव का सिस्टम गलत था तो जब आप के मेम्बर जीत कर आते थे तो उनके जलूस क्यों निकाल रहे थे, उनके जयकारे क्यों बोल रहे थे? इसी चुनाव प्रणाली के तहत, इसी कांस्टीट्यूशन के तहत असेम्बली में उन्होंने कसम खाई थी कि हिन्दुस्तान के विधान के प्रति वफादार रहेंगे। आज आप कहते हैं कि यह आंदोलन जन आंदोलन है। मैं यह दावे के साथ कह सकता हूं कि अगर यह आंदोलन जन आंदोलन होता तो कोई हिम्मत नहीं थी कि वहां की सरकार टिक जाती, कोई हिम्मत नहीं थी कि वहां के विधायक टिक जाते। जन आंदोलन 1939 में हुआ था, 1941 में हुआ था ब्रिटिश सरकार के खिलाफ।

डा० राम कृपाल सिंह : बिहार सरकार निकम्मी है, इन्दिरा गांधी उसकी मम्मी है इसीलिए टिकी हुई है।

श्री सुल्तान सिंह : उस वक्त अंग्रेज चाहते थे कि कांग्रेस सरकारें बनी रहे, अंग्रेज कोशिशें करते थे कि पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त, रवि शंकर शुक्ल और दूसरे मुख्य मंत्री बाकायदा प्रीमियर बने रहें।

वह जन आन्दोलन था। सारी की सारी कांग्रेस सरकारों ने इस्तीफा देकर जेल के अन्दर जाकर बैठना स्वीकार किया था। आज जन आन्दोलन की दुहाई देने वाले आप अपनी पार्टियों के हिसाब को तो देख लो। कांग्रेस-ओ के बनारसीदास गुप्त जी बड़े तेज हो रहे थे। आपके तो 23 मेम्बर हैं। आपने फैसला किया कि इस्तीफा दो। आप ईमानदारी से बताओ आप बहुत पुराने आदमी हो, 23 में से कितनों ने इस्तीफा दिया? सिर्फ दो ने इस्तीफा दिया। फिर आप कहते हैं कि यह जन आन्दोलन है? फिर आपने कहा विद्यार्थियों से कि बायकाट कर दो युनिवर्सिटीज का। मैं आंकड़े नहीं देना चाहता, मालवीय जी ने एक-एक करके दिये, अगर यह जन आन्दोलन होता तो क्या 80 प्रतिशत बच्चे इम्तहानों में शामिल होते? किस हालत में जब कि आपने एक ऐक्जामिनर को भी कत्ल करवाया? लेकिन उसके बावजूद हिम्मत की विद्यार्थियों ने और आपका मुकाबला करते करते एक्जामिनेशन सेंटर में पहुंचे। अगर यह जन आन्दोलन होता तो 80 फीसदी बच्चे ऐक्जामिनेशन सेंटर में नहीं जा सकते थे।

आप बड़े-बड़े जलसों को देखकर इसे जन आन्दोलन कहते हो। मैं दावे के साथ कहता हूं कि 2-3 रुपए दिहाड़ी पर काम करने वाला मजदूर पटना के जलसे में नहीं आ सकता। 2-3 रुपया पाने वाला किसान जो हल चलाता है वह पटना के जलसे में नहीं आ सकता। पटना के जलसे में कौन आते हैं,? स्मगलर आते हैं वह आते हैं जो घी में मिलावट करते हैं या मसाले में दूसरी चीजें मिलाते हैं। जब आप अपनी ओर से बन्द का आह्वान देते हैं तो कुछ लोग जो आपकी गुंडागर्दी से डरते हैं वह अपनी दूकानों को बन्द करके मैदान में तमाशा देखने आ जाते हैं। अगर इतने बड़े पटना शहर में 1 लाख, 2 लाख या 3 लाख की हाजिरी हो जाए तो उसको जन आन्दोलन मान लेंगे। अगर बिहार में जन आन्दोलन होता तो किसी एम०एल०ए० की हिम्मत थी कि वह इस्तीफा नहीं देता किसी विद्यार्थी की हिम्मत थी कि वह ऐक्जामिनेशन सेंटर में पहुंच जाता? आज जन आन्दोलन का नाम लेकर इस देश के लोकतंत्र को बदनाम करने के लिए ये लोग तुले हुए हैं।

एक बड़ी भारी साजिश हमारे देश में आज चल रही है। कुछ लोग दूसरे देशों में जाकर यह कोशिश करते हैं कि काश्मीर का चुनाव ठीक नहीं है। हम बार बार कहते हैं कि काश्मीर के चुने हुए लोग हिन्दुस्तान में शामिल होने का फैसला कर

[श्री सुल्तान सिंह]

चुके हैं। हम बार-बार कहते हैं कि सिक्किम के चुने हुए लोगों ने एक कायदा बनाया है सिक्किम की तरक्की करने का और हमारे ही देश के कुछ लोग और हमारे विदेशी मुखालिफ आज चाहते हैं कि काश्मीर हिन्दुस्तान से अलग हो, सिक्किम हिन्दुस्तान से अलग हो। वह दुनिया में जाकर प्रचार करते हैं कि हिंदुस्तान के अन्दर चुनाव का कायदा ठीक नहीं है। काश्मीर के लोगों से जबरदस्ती वोट लिये जाते हैं। सिक्किम का चुनाव ठीक नहीं है।

उपसभाध्यक्ष जी, आपकी मार्फत में जयप्रकाश जी से पूछना चाहता हूं कि आप बार-बार यह दुहाई देकर कि हमारे देश में चुनाव का तरीका ठीक नहीं है, चुनाव प्रणाली ठीक नहीं, क्या आप अपने देश की सेवा कर रहे हैं या इस देश को दुनिया की नजरों के अन्दर नीचा कर रहे हैं या सिक्किम और काश्मीर के केस को खराब कर रहे हैं। अभी तीन चुनाव हुए। 1973 के बाद लोक-सभा के चुनाव के बाद, 3 चुनाव हुए। अगर हमें चुनाव के अन्दर हेरफेर करने की इतनी ताकत होती तो इन चुनावों में हम 15 सीटें नहीं हारते। हम 15 सीटें हारे हैं। जिस चुनाव प्रणाली का आप जिक्र करते हैं, उसमें हम हारे हैं। राजनारायण जी उठ कर चले गए और आडवाणी जी मौजूद हैं। मैं बताना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में मुख्य मंत्री टी० एन० सिंह साहब थे। आडवाणी साहब की पार्टी भी उनके साथ थी, गुप्ता जी की पार्टी भी उनके साथ थी और राजनारायण जी का तो पता ही नहीं है उनकी क्या पार्टी है। आज का भारतीय लाठी दल और उस समय का भारतीय कांति दल वह भी टी० एन० सिंह साहब के साथ था। टी० एन० सिंह साहब मुख्य मंत्री थे और उनके पास में सारा एडमिनिस्ट्रेशन था। अगर चुनाव में गड़बड़ कर सकते तो टी० एन० सिंह साहब चुनाव न हारते। (*Interruption*).

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं एक ही बात कहना चाहता हूं कि आज कुछ लोग जनतंत्र के नाम पर जनतंत्र को खाए जा रहे हैं, जनतंत्र के नाम पर जनतंत्र को अपमानित कर रहे हैं। जनतंत्र की दुहाई देने वाले ईमानदारी से अपने कलेजे पर हाथ रख कर सोचें कि अगर चुने हुए लोगों को असेम्बली के अन्दर नहीं जाने दिया जाए, चुने हुए लोगों को जनता की सेवा न करने दी जाए, अथवा चुने हुए लोगों को काम करने का मौका न दिया जाए तो ईमानदारी से बताएं कि क्या यह जनतंत्र जिन्दा रह सकेगा। मैं यह मानता हूं कि आडवाणी जी यहां बैठे हैं वह फैसला कर दें। लेकिन जब आडवाणी जी को इस पार्लियामेंट में आने से कोई रोके या उनको बाहर खड़ा कर दे और पार्लियामेंट में दाखिल न होने दे तो उनको पता लगेगा कि उनकी आत्मा पर क्या गुजरेगा।

जयप्रकाश जी बड़े इन्सान हैं। मैं अपने आप को उनसे नहीं जोड़ता। मैं उन पर कोई सीधा इल्जाम भी नहीं लगाता लेकिन मैं एक बात कहता हूं कि संसार में सौबत का भी असर होता है। जयप्रकाश जी बड़े इन्सान हैं लेकिन जनसंघ, आनन्द मार्गी, और फिरकापरस्ती के हाथों खेल रहे हैं। बड़े इन्सान अगर छोटों की सौबत में चले जाएं तो वह भी छोटा बन सकता है। जयप्रकाश जी का कद आज से साल, डेढ़ साल पहले जो था आज वह नहीं रहा। उनकी पर्सनेलिटी जो साल, डेढ़ साल पहले थी आज वह नहीं है। ताज्जुब होता है जनसंघी जो जयप्रकाश जी को शेखअब्दुल्ला का एजेंट कहते थे और जो कहते थे कि जयप्रकाश जी का रास्ता ठीक नहीं है आज वही जनसंघी कहते हैं कि जयप्रकाश जी बड़े देशभक्त हैं।

उनकी देश भक्ति पर चैलेंज नहीं करना चाहिए। उपसभापति महोदय मुझे एक शेर याद आता है जफर का। आज जयप्रकाश जी की स्थिति वही बन गई है।

बहकाने वाले आप के सब यार हो गए,
समझाने वाले मुफ्त गुनाहगार हो गए।
ऐसे यारों से रहो होशियार ए जफर,
अपने वे जमाने में अय्यार हो गए।।

आज ये जनसंघी जयप्रकाश जी को इन्स्ट्रूमेंट बना रहे हैं। यह इन्स्ट्रूमेंट बना रहे हैं इन्दिरा गांधी जी को गद्दी से हटाने का। मुझे ताज्जुब होता है कि एक नया दल बना है जयप्रकाश जी के नेतृत्व में। इसमें जनसंघ, कांग्रेस(ओ०), सोशलिस्ट, संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी, वाम मार्गी, आनन्द मार्गी और एक अखबार में खबर छपी है कि चम्बल घाटी के डाकू भी चले आ रहे हैं उनका साथ देने को। मुझे दुःख है कि कहां जयप्रकाश जी और कहां ये जनसंघी। कहां जयप्रकाश जी और कहां आनन्द मार्गी, कहां चम्बल घाटी के डाकू और कहां जयप्रकाश नारायण। अगर जयप्रकाश जी को इन हथियारों से लड़ना होगा तो मेरा कहना है कि वह लड़ाई तो हार चुके हैं। जनता जानती है, जनता खूब समझती है इन जनसंघियों को। इन्होंने बड़ा बवेला खड़ा किया था, बड़ा तूफान खड़ा किया था। इस हाउस में यह कहा जाता है कि इन्दिरा जी गद्दी से चिपके रहना चाहती हैं। मैं कहना चाहता हूं कि इंदिरा गांधी ने गद्दी टाइम से एक साल पहले छोड़ दी थी। उसका नतीजा यह देखने में आया कि बड़े-बड़े तीसमार खां देखने में नहीं आए। आज भी मैं चेलेंज के साथ कहना चाहता हूं और हमारा विश्वास है कि हिंदुस्तान की जनता इस बात को अच्छी तरह से जानती है कि उनका कौन हिमायती है। श्रीमती इंदिरा गांधी एक बार नहीं, दस बार नहीं, बारम्बार हिन्दुस्तान की जनता के लिए कुर्सी को ठोकर मार सकती हैं। जिस परिवार ने महलों को ठोकर मार दी, उसके लिए प्राइम मिनिस्टर की कुर्सी कोई बहुत बड़ी चीज नहीं है। लेकिन आपके अन्दर ईमानदारी नहीं है, आपकी आत्मा ईमानदार नहीं है। आप देश के अन्दर ईर्षा और द्वेष फैलाना चाहते हैं। विरोधी दल के लोगों ने इस बात पर कभी विचार नहीं किया कि इस आन्दोलन का रिजल्ट क्या होगा? आप इस देश की चुनाव प्रणाली को बदनाम कर रहे हैं और दूसरे देशों में भी इस देश की बदनामी हो रही है। नवजवान बच्चों के अन्दर जनतंत्र के प्रति घृणा पैदा कर रहे हैं। मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि अब सिर्फ एक साल बाकी रह गया है और आप लोग भी मैदान में आएंगे और हम भी मैदान में आएंगे और उसके बाद फैसला हो जाएगा।

जहां तक अब्दुल गफ्फूर साहब का संबंध है, उनका सिर्फ एक कसूर है—अब तक श्री जयप्रकाश जी भी कहते रहे हैं और कई विरोधी दलों के लोग भी कहते रहे हैं कि वे ईमानदार आदमी हैं, लेकिन उनका एक कसूर है कि वे मुसलमान है

(*Interruption*)

जनसंघ लोगों की भावनाओं के साथ खेलना चाहता है, फिरकापरस्ती फैलाना चाहता है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि आप इन सारी बातों पर विचार करिए और सन् 1976 में जो चुनाव होंगे, उनमें सारी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी, इसमें कोई शक नहीं है।

DR. Z. A. AHMAD (Uttar Pradesh) : Mr. Vice-Chairman, Sir, I am going to oppose Mr. Advani because I think that the position that he has taken is fundamentally incorrect and not in the interest of the nation and I will call a spade a spade. I will not mince matters. I will try to expose the real character of the movement which has been generated by Shri Jayaprakash Narayan and which is sought to be supported

[Dr.Z. A. Ahmad]

by all parties whom we call 'parties of right reaction' or parties of vested interests'.

SHRI HARSH DEO MALAVIYA : What about C.P.M. ?

DR. Z. A. AHMAD : Now, I do not not underestimate, as some of my friends on the other side have done, the dangerous potentialities of this movement. This movement has created a stir in the country. There have been many mass movements, dharnas, gheraos, hartals, strikes and even armed conflicts. None of them has created such a stir or such political or emotional upsurges as this movements has done. Therefore, I vest this movement with the due importance that it merits. Now, why does this movement acquire such significance or importance ? It is because it imposes a line of thought and action for the solution of our national problems. But it is a line, a definite line of solution of all the national problems that we are facing. I consider that line to be fundamentally incorrect. 1 consider that line to be disruptive or national unity. 1 consider that line to be a line which throws the country at the feet of the vested interests, both national and international. None the less, it is a line of thought and action which is advocated by Mr. Jaya-prakash Narayan. Now, the first aspect of that line of thinking is that this democratic or parliamentary structure has become so rotten and weak to the core, as Mr. Advani has said this morning, that this parliamentary and democratic structure has to be pulled down, and pulled down not through normal channels of democratic changes but by force. You bring 100 thousand people to the street you *gherao* the Assembly and do not allow the Assemly Members to get into the House, or put black paint on their faces and put them on the donkeys.

SHRI O.P. TYAGI : This is the Communist theory.

